# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, शुक्रवार
11 अप्रैल 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 42 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## चीन बना रहा नई रणनीति, अन्य देशों से मिल संयुक्त मोर्चा बनाने का प्रयास



बीजिंग। अमेरिका द्वारा शुल्क बढ़ाए जाने के बाद चीन अन्य देशों से संपर्क कर रहा है और ऐसा प्रतीत होता है कि बीजिंग अमेरिका को कदम पीछे हटाने के लिए मजबूर करने के वास्ते संयुक्त मोर्चा बनाने का प्रयास कर रहा है।

वैश्विक बाजार में मंदी की आशंका के बीच बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ज्यादातर देशों पर लगाए गए शुल्क को अचानक 90 दिनों के लिए स्थगित करने का फैसला किया, हालांकि उन्होंने चीन से आयात पर शुल्क की दर बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दी है। ट्रंप ने कहा कि ये देश अधिक अनुकूल शर्तों पर बातचीत करने के लिए राजी हैं।

चीन ने बातचीत करने से इनकार कर दिया था और कहा था कि अमेरिका मक्कार है और वह शुल्क युद्ध में अंत तक लड़ेगा। इसके बाद ट्रंप ने चीनी आयात पर कर की दर को और बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया। चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी वस्तुओं पर 84 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है, जो बृहस्पतिवार से प्रभावी हो गया है।

इन घटनाक्रम के बीच चीन ने अब यूरोप पर ध्यान केंद्रित किया है। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन के बीच फोन पर बातचीत हुई जिसके जरिए दुनिया को एक सकारात्मक संदेश देने की कोशिश की गई है। दोनों एक दूसरे के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। शेष पेज 2 पर

### आधी रात ट्रंप ने टैरिफ पर कदम क्यों खींचे? भारत समेत 50 देश कौन कौन से हैं

ट्रम्प ने टैरिफ में रोक की घोषणा की, जिसमें कहा गया कि जिन देशों ने उनके टैरिफ के खिलाफ जवाबी कार्रवाई नहीं की है, उन्हें छूट मिलेगी। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, निम्न तालिका ट्रम्प द्वारा मूल रूप से धमकी दिए गए टैरिफ और 90-दिवसीय रोक के फैसले के बाद नए अपडेट किए गए शुल्कों को दशार्ती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को चीन को छोड़कर अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों पर अपने व्यापक टैरिफ पर 90 दिनों की रोक को अधिकृत किया। चीन पर टैरिफ को 125 प्रतिशत पर बनाए रखते हुए, ट्रम्प ने टैरिफ में रोक की घोषणा की, जिसमें कहा गया कि जिन देशों ने उनके टैरिफ के खिलाफ जवाबी कार्रवाई नहीं की है, उन्हें छूट मिलेगी। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, निम्न तालिका ट्रम्प द्वारा मूल रूप से धमकी दिए गए टैरिफ और 90-दिवसीय रोक के फैसले के बाद नए अपडेट किए गए शुल्कों को दशार्ती है। शेष पेज 2 पर

## पूरे प्रदेश में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि
## सीएम ने दिए जिलाधिकारियों को भ्रमण और सर्वे के निर्देश





लखनऊ। गुरुवार को पूरे प्रदेश में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का प्रकोप रहा। लखनऊ सहित कई जिलों में भारी बारिश हुई। सीएम ने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य करने के निर्देश दिए।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधीझबारिश,ओलावृष्टि के दृष्टिगत संबंधित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नजर रखें।आकाशीय बिजली, आंधी तूफान,बारिश, वज्रपात आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि वर्तमान में गतिमान गेहूं की सरकारी खरीद के दृष्टिगत मंडियों सहित सभी खरीद केंद्रों पर गेहूं के सुरक्षित भंडारण का पूरा ध्यान रखा जाए। अधिकारीगण सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस संबंध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए।

**सीतापुर जिले में दो की मौत-** सीतापुर जिले में खराब मौसम ने दो जिंदगियां ले ली। खेत में काम कर रहे एक किसान पर बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। वहीं, एक महिला की भी दीवार गिरने से मौत हो गई। बिसवां के ग्राम पंचायत जनुवा के मजरा मोचखुर्द मे आकाशीय बिजली गिरने से किसान हरिश चंद्र भार्गव (23) की मौत हो गई। हरिश्चंद्र कुल तीन भाई थे। मृतक के बड़े भाई की शादी हो चुकी है। हरिश्चंद भार्गव की अभी शादी नही हुई थी। वह बृहस्पतिवार सुबह खेत में गन्ना छीलने गए थे तभी आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई।

**गेहूं कटाई कर लौट रही महिला पर गिरी पक्की दीवार, मौत-** जिले के सकरन में खेत से वापस आ रही महिला पर पक्की दीवार गिर गई जिसके नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। रसूलपुर हरदोपट्टी गांव निवासी कुसुमा देवी (55) पत्नी जुगराज बृहस्पतिवार सुबह खेत में गेहूं की फसल की कटाई करने गई थी। सुबह 9.30 बजे तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। कुसुमा देवी खेत से अपने घर जाने लगी। शेष पेज 2 पर

## आतंकियों पर भारत के तगड़े एक्शन से खुश हुआ इजरायल, बोला- थैंक्यू मोदी सरकार



मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को बृहस्पतिवार को विशेष विमान से भारत लाए जाने की संभावना है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी मूल के 64 वर्षीय कनाडाई नागरिक राणा को लॉस एंजिलिस के मेट्रोपोलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया था।

इजराइल ने पाकिस्तानी-कनाडाई आतंकवादी तहव्वुर राणा और मुंबई 26/11 हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के अमेरिका से भारत प्रत्यर्पण के कमद को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। इजराइल ने 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का स्वागत किया है। भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर इस घटनाक्रम का स्वागत किया। शेष पेज 2 पर

## बलिदानी मेजर संदीप के पिता बोले-
## बेटे ने कर्तव्य निभाया, राणा का प्रत्यर्पण राजनयिक सफलता



नई दिल्ली । मुंबई में आतंकी हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को बलिदानी एनएसजी कमांडो मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के पिता के. उन्नीकृष्णन ने राजनयिक सफलता बताया है। वहीं अपने बेटे को हमले के पीड़ित कहे जाने पर उन्होंने कहा कि वो उस समय अपना कर्तव्य निभा रहा था।

मुंबई में 26/11 के आतंकी हमलों के दौरान आतंकवादियों से लड़ते हुए बलिदान हुए राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के पिता के. उन्नीकृष्णन ने कहा कि मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण भारत की कूटनीतिक सफलता है। मेजर के पिता ने कहा, अमेरिका की सहमति के बाद उसे वापस लाने की बात चल रही थी, वह केवल एक कड़ी है। यह कूटनीतिक सफलता है जो भारत को लंबे समय के बाद मिली है। यह कोई अंतिम बात या बड़ी उपलब्धि नहीं है; इसमें बहुत सी परतें हैं जिन्हें हमें हासिल करना है। एक आम आदमी के लिए, वह एक कड़ी था। जब डेविड कोलमैन हेडली भारत में था, तब उसने 231 कॉल किए थे। सारे सबूत यहां मौजूद हैं। यह (राणा) एक विद्वान व्यक्ति है जो अकेले ही सब कुछ संभाल सकता है। देखते हैं इससे क्या निकलता है।

संदीप पीड़ित नहीं, वो अपना कर्तव्य निभा रहा था

वहीं उन्होंने आगे कहा कि संदीप 26/11 का पीड़ित नहीं था; वह एक सुरक्षाकर्मी था जो हमले के दौरान ड्यूटी पर था। वह भारतीय लोगों का मुश्किल वक्त में हाथ था। असली पीड़ित वे लोग हैं जिन्होंने पीड़ित हुए। हमले में किसने अपनी जान गंवाई? वह पीड़ित नहीं था क्योंकि उसने अपना कर्तव्य निभाया। उन्होंने कहा, अगर उसने मुंबई में ऐसा नहीं किया होता, तो वह कहीं और करता। वह अपना कर्तव्य निभा रहा था।

**तहव्वुर राणा को फांसी देने की मांग**

26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मामले में अपनी गवाही के दौरान आतंकवादी अजमल कसाब की पहचान करने वाली एक प्रमुख गवाह और आतंकवाद पीड़ित देविका नटवरलाल रोटावन ने तहुव्वर राणा के लिए मौत की सजा की मांग की है। उन्होंने कहा, तहव्वुर राणा को भारत लाया जाना भारत सरकार के लिए एक बड़ी जीत है। शेष पेज 2 पर

## दिल्ली सरकार की बड़ी तैयारी: वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सीएम रेखा ने बनाया ये प्लान, आप पर साधा निशाना



दिल्ली । सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि पानी के स्प्रिंकलर और स्मॉग गन पूरे वर्ष काम करते रहें, जबकि पिछली आप सरकार ने इनका इस्तेमाल केवल दो से तीन महीने के लिए किया था।

दिल्ली में वायु प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। इससे निपटने के लिए दिल्ली सरकार की योजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार धूल की समस्या के समाधान के लिए स्ट्रीट लाइट के खंभों पर 1,000 पानी के स्प्रिंकलर लगाएगी।

समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए साक्षात्कार में सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि पानी के स्प्रिंकलर और स्मॉग गन पूरे वर्ष काम करते रहें, जबकि पिछली आप सरकार ने इनका इस्तेमाल केवल दो से तीन महीने के लिए किया था। शेष पेज 2 पर

### मिशन राणा की कामयाबी का चेहरा
## कभी कसाब का खोला राज, अब तहव्वुर की कान पकड़ उगलवाएंगे सच



नई दिल्ली। राणा पर 26/11 के मुंबई हमलों के सिलसिले में अमेरिका में आरोप लगाया गया था, लेकिन अतीत में उसे बरी कर दिया गया था। अब, जब राणा भारत आ रहा है, तो किस्मत उसे उसी अधिकारी से आमने-सामने ला खड़ा करती है, जिसने मुंबई में 26/11 के हमलों के दौरान अपनी जान लगभग गंवा दी थी - सदानंद दाते, जो राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के वर्तमान प्रमुख हैं। दाते, जो 2008 के हमलों के दौरान आतंकवादियों का सामना करते हुए गंभीर रूप से घायल हो गए थे, राणा के आने पर सबसे पहले उनसे पूछताछ करेंगे।

तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को एक बड़ी कूटनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन इस उपलब्धि के पीछे एक भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी द्वारा की गई सावधानीपूर्वक की गई तैयारी छिपी है, जिसके मजबूत मामले ने एक अमेरिकी अदालत को राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी देने के लिए राजी करने में मदद की। दिलचस्प बात यह है कि राणा पर 26/11 के मुंबई हमलों के सिलसिले में अमेरिका में आरोप लगाया गया था, लेकिन अतीत में उसे बरी कर दिया गया था। शेष पेज 2 पर

### राज ठाकरे की बैंकों को चेतावनी-
## मराठी भाषा का इस्तेमाल करें, नहीं तो मनसे आंदोलन तेज करेगी



मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना अध्यक्ष राज ठाकरे ने भारतीय बैंक संघ को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि वह बैंकों को आरबीआई मानदंडों के अनुसार अपनी सेवाओं में मराठी भाषा का उपयोग करने का निर्देश दें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो मनसे आंदोलन तेज करेगी।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने बैंकों को चेतावनी दी है कि वह आरबीआई मानदंडों के अनुसार अपनी सेवाओं में मराठी भाषा का उपयोग करें, अन्यथा उनकी पार्टी अपना आंदोलन तेज करेगी। इस संबंध में ठाकरे ने भारतीय बैंक संघ (आईबीए) को पत्र लिखकर बैंकों को मराठी भाषा का उपयोग करने के लिए निर्देश देने को कहा है।

राज ठाकरे का पत्र बुधवार को मनसे नेताओं ने भारतीय बैंक संघ को सौंपा, जिसमें कहा गया है कि यदि बैंक अपनी सेवाओं में तीन भाषा फामूर्ले- अंग्रेजी, हिंदी और स्थानीय भाषा (महाराष्ट्र के मामले में मराठी) का पालन नहीं करते हैं, तो कानून-व्यवस्था के लिए बैंक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

राज ठाकरे ने IBA को लिखे पत्र में कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सार्वजनिक क्षेत्र और निजी बैंकों में क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग को लेकर एक परिपत्र जारी किया है। इसके अनुसार, बैंकों में लगे बोर्ड तीन भाषाओं में होने चाहिए- हिंदी, अंग्रेजी और उस राज्य की क्षेत्रीय भाषा। यहां तक कि बैंकों में सेवाएं भी तीन भाषाओं में होनी चाहिए।

**ठाकरे ने शनिवार को आंदोलन बंद करने का किया था आह्वान**

इससे पहले, ठाकरे ने शनिवार को पार्टी कार्यकताओं से बैंकों और अन्य प्रतिष्ठानों में मराठी के उपयोग को लेकर चल रहे आंदोलन को बंद करने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि हमने इस मुद्दे पर पर्याप्त जागरूकता पैदा कर दी है।

**यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने सीएम को लिखा था पत्र-** आंदोलन के बाद, यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखा, जिसमें कहा गया कि मनसे कार्यकर्ता होने का दावा करने वाले लोग बैंक शाखाओं में जा रहे हैं और कर्मचारियों को धमका रहे हैं।

**जानबूझकर मराठी न बोलने वालों को मारा जाएगा थप्पड़-** इससे पहले, 30 मार्च को राज ठाकरे ने गुड़ी पड़वा के मौके पर रैली निकाली थी। इस रैली में उन्होंने आधिकारिक उद्देश्यों के लिए मराठी को अनिवार्य बनाने के अपनी पार्टी के रुख को दोहराया था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि जो लोग जानबूझकर मराठी भाषा नहीं बोलेंगे, उन्हें 'थप्पड़' मारा जाएगा।

# तिहाड़ के हाई सिक्योरिटी सेल में रहेगा आतंकी जानें और कौन है इस जेल में बंद जो बनेगा पड़ोसी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नई दिल्ली । जेल सूत्रों का कहना है कि तिहाड़ जेल में रखने के आदेश होने के बाद ही यह तय होगा कि उसे किस जेल में रखा जाएगा। हालांकि वह जेल के हाई सिक्योरिटी वार्ड में रहेगा।

`मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा तिहाड़ के हाई सिक्योरिटी सेल में रहेगा। हालांकि यह अभी तय नहीं हुआ है कि वह तिहाड़ जेल में रहेगा या फिर एनआईए के हिरासत में। लेकिन अमेरिका से दिल्ली लाए जाने के बाद उसे तिहाड़ में रखने की पूरी तैयारी कर ली गई है। जेल प्रशासन का कहना है कि अदालत के आदेश के बाद ही यह तय होगा। तिहाड़ जेल प्रशासन इसको



लेकर सतर्क है।

पहले से कई आतंकी बंद

जेल सूत्रों का कहना है कि तिहाड़ जेल में रखने के आदेश होने के बाद ही यह तय होगा कि उसे किस जेल में रखा जाएगा। हालांकि वह जेल के हाई सिक्योरिटी वार्ड में रहेगा। इसको लेकर सुरक्षा के तमाम उपाय कर लिए गए हैं। तिहाड़ में पहले से कई आतंकी और गैंगस्टर बंद हैं।

विज्ञापन

**पहले सिक्योरिटी ऑडिट करती है प्रशासन**

जेल प्रशासन ऐसे मामले में किसी को रखने से पहले सिक्योरिटी ऑडिट करती है और फिर जेल का फैसला करता है। इसके लिए जेल में आने वाले का किसी से कोई दुश्मनी तो नहीं है, इसकी अहम जांच होती है।

**छोटा राजन इसी सेल में बंद**

सूत्रों का कहना है कि मुंबई के अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन तिहाड़ के जेल संख्या दो के हाई सिक्योरिटी सेल में बंद है। माना जा रहा है कि तहव्वुर राणा को भी जेल नंबर दो के हाई सिक्योरिटी सेल में रखा जाए। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि तिहाड़ जेल प्रशासन के पास अभी तहव्वुर राणा के जेल लाने का कोई आधिकारिक आदेश नहीं मिला है।

# अमरोहा में बीजेपी की बाइक रैली में मारपीट, भाजयुमो जिलाध्यक्ष पर चाकू से हमला, विधायक भी आयोजन में शामिल

एनपीटी ब्यूरो

हसनपुर में भाजपा युवा मोर्चा की बाइक रैली के दौरान जिला अध्यक्ष पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया। अचानक हुई इस घटना से अफरा-तफरी मच गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया

हसनपुर में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की बाइक रैली में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष के साथ विधायक की मौजूदगी में हमला कर दिया गया। उनके साथ जमकर मारपीट के बाद चाकू से जानलेवा हमला किया गया। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस मामले में तीन लोगों को नामजद करते हुए चार के खिलाफ जानलेवा हमला करने के मामले में केस दर्ज किया गया है। बृहस्पतिवार दोपहर को



स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा की ओर से नगर में बाइक रैली निकाली जा रही थी मुख्य बाजार में भाजपा के जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी और विधायक महेंद्र खड़गवंशी एक ही बाइक पर बैठे हुए चल रहे थे। उनके दाएं तरफ भाजपा का झंडा लेकर युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष शुभम चौधरी और जिला उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल पैदल चल रहे थे दाईं दिशा में उनके साथ जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल रहे थे। बताते हैं कि इस दौरान गाली गलौज को लेकर पीछे चल रहे रैली में शामिल युवकों ने युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष शुभम चौधरी के साथ मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद अन्य कार्यकताओं ने बीच में जाकर मामला शांत कराया मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। सीओ दीप कुमार पंत का कहना है कि मामले में तहरीर के आधार पर गौरव अग्रवाल, दिव्यांश शर्मा और दक्षित शर्मा के खिलाफ जानलेवा हमला करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# ट्रेन के कोच अटेंडेंट ने पेश की ईमानदारी की मिसाल, यात्री को लौटाया नोटों से भरा बैग

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नई दिल्ली । राजेंद्र नगर पटना से दिल्ली के बीच चलने वाली संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस के एक कोच अटेंडेंट ने ईमानदारी का मिसाल पेश किया है। कोच में गहने और नकदी से भरा बैग मिलने के बाद भी कोच अटेंडेंट रणधीर कुमार सिंह ने अपना ईमान डिगने नहीं दिया। उन्होंने अधिकारियों के जरिए उस यात्री का पता लगवाया और फिर उन्हें बैग सौंप दिया। बैग मिलने के बाद यात्री अटेंडेंट की सराहना करते नहीं थक रहे हैं।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद संपूर्ण



क्रांति एक्सप्रेस के कोच अटेंडेंट रणधीर कुमार सिंह को बी-4 के सीट नंबर 17-18 के पास एक लावारिस बैग मिला। उन्होंने तुरंत लावारिस बैग की सूचना टीटीई को दी। टीटीई ने भी तत्परता से कोच के चार्ट को देखा। जिस सीट के पास बैग मिला था। टीटीई ने उन यात्रियों को फोन किया। फोन करने पर पता चला कि बैग मिजार्पुर से ट्रेन में सवार हुए राजन पाठक का है। उन्होंने ने बताया कि परिवार में कई सदस्य होने की वजह से पता ही नहीं चला कि कौन किस बैग को लेकर उतरा है। ऐसे में कीमती सामान से भरा बैग कोच में छूट गया।

# अदानी परियोजना के समीप रैयतों का धरना समाप्त, मंत्री संजय प्रसाद यादव ने दिलाई वार्ता



गोड्डाः- अदानी परियोजना क्षेत्र के समीप अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रैयतों द्वारा पिछले कुछ दिनों से चल रहा धरना-प्रदर्शन आज समाप्त हो गया। इस आंदोलन के दौरान स्थानीय क्षेत्र में राजनीतिक हलचल भी देखी गई। गुरुवार की संध्या श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव धरना स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से संवाद किया। मंत्री के हस्तक्षेप के बाद रैयतों और कंपनी के पदाधिकारियों के बीच सकारात्मक वार्ता हुई, जिससे आंदोलनकारियों की कई मांगों पर सहमति बनी। संतोषजनक वार्ता के पश्चात रैयतों ने अपना धरना समाप्त करने की घोषणा की। मंत्री ने सभी पक्षों से शांति बनाए रखने और विकास कार्यों में सहयोग की अपील की।

# पेज एक का शेष...

## चीन बना रहा नई रणनीति, अन्य देशों से मिल संयुक्त मोर्चा बनाने का प्रयास

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अपनी एक खबर में कहा, चीन यूरोपीय संघ के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है ताकि चीन और यूरोपीय संघ के नेताओं के बीच जो समझ बनी है उस पर मिल कर अमल किया जा सके। चीन के वाणिज्य मंत्री वांग वेंताओ और यूरोपीय संघ के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त सेफकोविक के बीच अमेरिकी शुल्क के मुद्दे पर मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा हुई।

शिन्हुआ ने अपनी खबर में वांग के हवाले से कहा कि शुल्क सभी देशों के वैध हितों का गंभीर उल्लंघन करते हैं, डब्ल्यूटीओ के नियमों का गंभीर उल्लंघन करते हैं, नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं और वैश्विक आर्थिक व्यवस्था की स्थिरता को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं।

इसमें कहा गया, यह एकतरफावाद, संरक्षणवाद और आर्थिक तौर पर परेशान करने का कार्य है। चीन परामर्श और बातचीत के माध्यम से मतभेदों को हल करने के लिए तैयार है लेकिन अगर अमेरिका अपने रूख पर अड़ता है तो चीन अंत तक लड़ेगा।

वांग ने आसियान देशों से भी बात की है जबकि प्रधानमंत्री ली ने व्यापारिक दिग्गजों से मुलाकात की है। शिन्हुआ ने ली के हवाले से कहा कि चीन ने पूरा मूल्यांकन कर लिया है और सभी तरह की अनिश्चितताओं से निपटने के लिए तैयार है और वह स्थिति के हिसाब से नीतियां पेश करेगा।

देशों को लामबंद करने की चीन की कोशिशों के बीच ऐसा नहीं है सभी देश चीन के साथ जुड़ने में दिलचस्पी रखते हैं। बहुत से ऐसे देश जिनका चीन के साथ विवाद रहा है वे इसमें दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने संवाददाताओं से कहा, हम अपनी बात करते हैं और ऑस्ट्रेलिया का रुख यह है कि मुक्त और निष्पक्ष व्यापार ही अच्छा है। हम सभी देशों के साथ बातचीत करते हैं, लेकिन हम ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय हित के लिए खड़े हैं। माना जा रहा है कि भारत ने सहयोग संबंधी चीन के आान को तवज्जो नहीं दी है। वहीं चीन का करीबी देश रूस पूरे परिदृश्य में कहीं नहीं है।

## आधी रात ट्रंप ने टैरिफ पर कदम क्यों खींचे? भारत समेत 50 देश कौन कौन से हैं

| | | |
|---|---|---|
| चीन | 34% | |
| 125%, | | |
| यूरोपीय संघ | 20% | |
| 10%, | | |
| वियतनाम | 46% | |
| 10% | | |
| ताइवान | 32% | |
| 10%, जापान | 24% | |
| 10%, भारत | 26% | |
| 10% | | |
| दक्षिण कोरिया | 25% | 10% |
| थाईलैंड | 36% | 10% |
| स्विट्ज़रलैंड | 31% | 10% |
| इंडोनेशिया | 32% | 10% |
| मलेशिया | 24% | 10% |
| कंबोडिया | 49% | 10% |
| यूनाइटेड किंगडम | 10% | 10% |
| दक्षिण अफ़्रीका | 30% | 10% |
| ब्राज़िल | 10% | 10% |
| बांग्लादेश | 37% | 10% |
| सिंगापुर | 10% | 10% |
| इजराइल | 17% | 10% |
| फिलिपींस | 17% | 10% |
| चिली 10% | 10% | |
| ऑस्ट्रेलिया | 10% | 10% |
| पाकिस्तान | 29% | 10% |
| टर्की 10% | 10% | |
| श्रीलंका | 44% | 10% |
| कोलंबिया | 10% | 10% |
| पेरू 10% | 10% | |
| निकारागुआ | 18% | 10% |
| नॉर्वे 15% | 10% | |
| कोस्टा रिका | 10% | 10% |
| जॉर्डन 20% | 10% | |
| डोमिनिकन गणराज्य | | 10% |
| 10% | | |
| संयुक्त अरब अमीरात | | 10% |
| 10% | | |
| न्यूजीलैंड | 10% | 10% |
| अर्जेंटीना | 10% | 10% |
| इक्वेडोर | 10% | 10% |
| ग्वाटेमाला | 10% | 10% |
| होंडुरस | 10% | 10% |
| मेडागास्कर | 47% | 10% |
| म्यांमार 44% | 10% | |
| ट्यूनीशिया | 28% | 10% |
| कजाखस्तान | 27% | 10% |
| सर्बिया 37% | 10% | |
| मिस्र 10% | 10% | |
| सऊदी अरब | 10% | 10% |
| अल साल्वाडोर 10% | | 10% |
| हाथीदांत का किनारा | | 21% |
| 10% | | |
| लाओस | 48% | 10% |
| बोत्सवाना | 37% | 10% |
| त्रिनिदाद और टोबैगो | | 10% |
| 10% | | |
| मोरक्को | 10% | 10% |

जो देश डील करेंगे, उनके लिए टैरिफ 10% रहेगा - अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा, 75 से अधिक देशों ने अमेरिका के प्रतिनिधियों को बुलाया है और इन देशों ने मेरे मजबूत सुझाव पर अमेरिका के खिलाफ किसी भी तरह से जवाबी कार्रवाई नहीं की है, इसलिए मैंने 90 दिन के विराम (पॉज) को अधिकृत किया है। उन्होंने कहा, टैरिफ पर इस विराम से नए व्यापार समझौतों पर बातचीत करने का समय मिलेगा। वहीं, ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेन्ट ने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत करने के इच्छुक देशों के लिए यह दर घटकर 10% हो जाएगी, जिसमें कनाडा और मैक्सिको भी शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 90 दिन के विराम के दौरान रेसिप्रोकल टैरिफ 10% रहेगा। यह भी तत्काल प्रभाव से लागू होगा। मालूम हो, 10% टैरिफ शनिवार से लागू होने वाले ज्यादातर देशों के लिए बेसलाइन दर थी। यह ट्रम्प द्वारा यूरोपीय संघ से आने वाले सामानों पर लगाए गए 20% टैरिफ, जापान से आयात पर 24% और दक्षिण कोरिया से आने बाले उत्पादों पर 25% टैरिफ से काफी कम है।

## पूरे प्रदेश में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि सीएम ने दिए जिलाधिकारियों को भ्रमण और सर्वे के निर्देश

गांव में नागेन्द्र के घर के पास पहुंचते ही नागेन्द्र की पक्की दीवार भरभरा कर कुसुमा देवी के ऊपर गिर गई जिसके नीचे कुसुमा देवी दब गई। आवाज सुनकर मौके पर पहुंचें ग्रामीणों ने मलबा हटा कर कुसुमा देवी को किसी तरह बाहर निकाला तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस व राजस्व विभाग को दे दी गई है।

लखनऊ में सुबह हुई भारी बारिश -राजधानी में बृहस्पतिवार को सुबह होते ही, घने काले बादलों और झोंकेदार हवाओं संग जमकर बरसात शुरू हुई। घने बादलों की मौजूदगी से दिन में ही अंधेरा छा गया। बारिश और हवाओं की वजह से तापमान गिरने से मौसम सुहाना हो गया और लोगों को राहत महसूस हुई।

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से लखनऊ में पूर्वा और पछुआ हवाओं के समागम होने की वजह से यह आंधी और बरसात देखने को मिली है। लखनऊ में सुबह 8:30 बजे तक 7 मिमी. बारिश दर्ज की गई। जबकि एयरपोर्ट के इलाके में यह 2 मिमी. रिकॉर्ड की गई। लखनऊ व आसपास के जिलों बाराबंकी, रायबरेली,सीतापुर आदि में भी अच्छी बारिश देखने को मिली।

## दिल्ली सरकार की बड़ी तैयारीः वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सीएम रेखा ने बनाया ये प्लान, आप पर साधा निशाना

उन्होंने कहा कि दिल्ली के वायु प्रदूषण में धूल एक बड़ी वजह है। बता दें कि फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान भाजपा ने शहर की बिगड़ती वायु गुणवत्ता का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था और इसके लिए सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को जिम्मेदार ठहराया था।

पीएम मोदी नेता नहीं संत हैंः सीएम रेखा

इस खास इंटरव्यू में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि नरेंद्र मोदी को मैं नेता नहीं मानती, संत मानती हूं। कोई संत होता हैं, वो प्रभु की सेवा में पूजा-पाठ में अपना जीवन लगाता है। पीएम मोदी ने देश की सेवा को अपना पूजा पाठ माना और भी बहुत सारे लोग हमारे यहां हैं। जिन्होंने अपने-अपने तरीके से पूरा जीवन लगाकर देश की सेवा की। बातचीत में आगे उन्होंने कहा कि नितिन गडकरी उनमें से एक हैं। हमारी बाकी जितनी लीडरशिप है, सभी का गजब का व्यक्तित्व है।

## बेटे ने कर्तव्य निभाया, राणा का प्रत्यर्पण राजनयिक सफलता

हाफिज सईद, दाऊद इब्राहिम और पाकिस्तान में मौजूद अन्य आतंकवादी मास्टरमाइंड को भी भारत लाया जाना चाहिए और उन्हें मौत तक फांसी पर लटका देना चाहिए।

## आतंकियों पर भारत के तगड़े एक्शन से खुश हुआ इजरायल, बोला- थैंक्यू मोदी सरकार

अजार ने एक वीडियो संदेश में कहा ति मैं आतंकवादियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए भारत सरकार की दृढ़ता के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को बृहस्पतिवार को विशेष विमान से भारत लाए जाने की संभावना है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी मूल के 64 वर्षीय कनाडाई नागरिक राणा को लॉस एंजिलिस के मेट्रोपोलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया था। अधिकारियों ने बताया कि एक बहु-एजेंसी टीम अमेरिका गई है और राणा को भारत लाने के लिए अमेरिकी अधिकारियों के साथ सभी कागजी कार्रवाई और कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। प्रत्यर्पण से बचने के राणा के आखिरी प्रयास के विफल होने के बाद उसे भारत लाया जा रहा है, क्योंकि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों ने उसके आवेदन को खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, आप सभी जानते हैं कि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने उसकी याचिका खारिज कर दी है।

राणा को पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से जुड़ा माना जाता है, जो 26/11 के मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है। 26 नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों के एक समूह ने अरब सागर में समुद्री मार्ग से भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई में घुसपैठ करने के बाद एक रेलवे स्टेशन, दो आलीशान होटलों और एक यहूदी केंद्र पर हमला किया था। साल 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों में छह अमेरिकियों समेत कुल 166 लोग मारे गए थे। इन हमलों को 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों ने अंजाम दिया था। नवंबर 2012 में, पाकिस्तानी समूह के एकमात्र जीवित आतंकवादी अजमल आमिर कसाब को पुणे की यरवदा जेल में फांसी दे दी गई थी। जांच एजेंसी के अधिकारियों ने कहा कि राणा ने हेडली को भारत के लिए वीजा दिलाने में मदद की थी।

## कभी कसाब का खोला राज, अब तहव्वुर की कान पकड़ उगलवाएंगे सच

अब, जब राणा भारत आ रहा है, तो किस्मत उसे उसी अधिकारी से आमने-सामने ला खड़ा करती है, जिसने मुंबई में 26/11 के हमलों के दौरान अपनी जान लगभग गंवा दी थी। सदानंद दाते राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के वर्तमान प्रमुख हैं। दाते, जो 2008 के हमलों के दौरान आतंकवादियों का सामना करते हुए गंभीर रूप से घायल हो गए थे, राणा के आने पर सबसे पहले उनसे पूछताछ करेंगे।

26 नवंबर 2008 की रात को जब मुंबई समन्वित आतंकवादी हमलों से अराजकता में डूबा हुआ था, सदानंद दाते मुंबई के मध्य क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के रूप में कार्यरत थे। हालाँकि हमलों ने मुख्य रूप से दक्षिणी क्षेत्र को निशाना बनाया, लेकिन दाते ने कोई समय बर्बाद नहीं किया। मालाबार हिल में अपने निवास से वह सीएसटी स्टेशन की ओर भागे। रास्ते में, वह एक पुलिस स्टेशन पर रुके, खुद को कार्बाइन से लैस किया और अपने साथ छह अधिकारियों को ले गए। सीएसटी पहुँचने पर दाते को सूचित किया गया कि दो आतंकवादी – जिन्हें बाद में अजमल कसाब और अबू इस्माइल के रूप में पहचाना गया कामा और अल्बलेस अस्पताल में घुस गए थे। बंधक स्थिति की आशंका से दाते तुरंत अस्पताल की ओर बढ़ गए। छत से आतंकवादी अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। दाते ने जवाबी फायरिंग की, लेकिन ऊंचाई के कारण आतंकवादियों को निशाना बनाना मुश्किल था।

आतंकवादियों ने पुलिस टीम पर हैंड ग्रेनेड से हमला किया। इसके टुकड़े सदानंद दाते के हाथ और पैर भी लगे। दाते ने अपनी टीम के साथ हार नहीं मानी और लगातार आतंकवादियों से लोहा लेते रहे। हमले के बाद उन्होंने वह तमाम वायरलेस मैसेज भी सुने, जो आतंकवादियों ने पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं को दिए थे। अधिसूचना में कहा गया है, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम, 2008 (2008 का 34) की धारा 15 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के साथ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) की धारा 18 की उप-धारा (8) के तहत केंद्र सरकार अधिवक्ता नरेंद्र मान को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करती है। उनकी नियुक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से तीन साल की अवधि के लिए या उक्त मामले की सुनवाई पूरी होने तक, जो भी पहले हो, होगी।

# संपादकीय

## आर्थिक स्थिरता हेतु रेपो दरों में कटौती

अमेरिका के टैरिफ युद्ध से उपजी वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बीच केंद्रीय बैंक ने सावधानी के फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। शेयर बाजारों के ध्वस्त होने के बाद आर्थिक मंदी की आहट अमेरिका समेत पूरी दुनिया में महसूस की जा रही है। वैश्विक प्रतिकूलताओं के बीच केंद्रीय बैंक द्वारा हाल ही में दूसरी बार रेपो दर में 25 आधार अंक की कटौती अनिश्चितता के बीच सावधानी का ही संकेत है। केंद्रीय बैंक ने अब रेपो दर 6.25 से घटाकर 6 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इस साल यह दूसरी बार कटौती है। जबकि पहली कटौती पांच साल बाद की गई थी। यह कदम वैश्विक अस्थिरता के प्रति रिजर्व बैंक की चिंता को ही दशार्ता है। निश्चित रूप से आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में मौद्रिक नीति समिति द्वारा समायोजन के साथ बदलती प्राथमिकताओं का संकेत दिया है। अब बैंक की प्राथमिकता मुद्रास्फीति के बजाय विकास को गति देना है। निर्विवाद रूप से केंद्रीय बैंक ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब संयुक्त राज्य अमेरिका से उपजे व्यापार तनाव और टैरिफ संकट के बीच आर्थिक अनिश्चितता बढ़ रही है। ये हालात घरेलू स्तर पर खपत में कमी करके मंदी की आशंका बढ़ा सकते हैं। साथ ही विकास में निजी निवेश की संभावनाओं पर भी भारी पड़ सकते हैं। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने देश के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के पूवार्नुमान को संशोधित करके 6.5 फीसदी कर दिया है। जो आने वाली आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर पैदा होने वाली चिंताओं को ही रेखांकित करता है। निश्चित रूप से यह फैसला आवास और ऑटो ऋण ले चुके लोगों के लिये राहत भरी खबर है क्योंकि रेपो रेट घटने पर ऋण लेने वालों की ईएमआई घट सकती है। साथ ही यह कदम नये ऋण लेने वाले लोगों को भी प्रोत्साहित करेगा। इससे रियल एस्टेट सेक्टर को गति मिलने की संभावना भी बढ़ गई है।

हालांकि, उन लोगों को कुछ निराशा हो सकती है जो बैंकों में सावधि जमा राशि के जरिये जीवनयापन करते हैं। ऐसे में ब्याज दरों में गिरावट से उनका वास्तविक रिटर्न कम हो सकता है। फलतः निवेश को प्रोत्साहन देने के लिये नई रणनीति बनाने की जरूरत है। निस्संदेह, रेपो दरों में कटौती मौद्रिक अनुशासन का एक जरूरी उपकरण है, लेकिन ये अंतिम रामबाण उपचार भी नहीं है। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति के दबाव व मुद्रा अस्थिरता के प्रति भी सतर्क रहना चाहिए। जिससे महंगाई बने रहने की चिंता भी पैदा हो सकती है। जरूरी है कि केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो दरों में की गई कटौती का लाभ बैंक यथाशीघ्र अपने ऋण लेने वाले ग्राहकों को प्रदान करें। बहरहाल, दरों की यह कटौती केंद्रीय बैंक की विकास को गति देने की मंशा को ही जाहिर करती है। लेकिन यह कदम तभी प्रभावकारी हो सकता है जब राजकोषीय उपायों और संरचनात्मक सुधारों को गति प्रदान की जाए। बहरहाल, आम आदमी के लिये यह सुखद है कि उसकी ईएमआई कम हो जाएगी। साथ ही नये लोन भी सस्ते होंगे। जिससे हाउसिंग क्षेत्र में डिमांड बढ़ेगी। साथ ही लोग रियल एस्टेट में अधिक निवेश कर सकेंगे। निश्चित रूप से इस कदम से रियल एस्टेट सेक्टर को नई ताकत मिलेगी। वहीं उद्योग जगत ने भी केंद्रीय बैंक के फैसले का स्वागत किया है। उद्योग जगत लंबे समय से ब्याज दरों में कटौती की मांग करता रहा है, जबकि केंद्रीय बैंक की प्राथमिकता मुद्रास्फीति पर नियंत्रण की बनी रही थी। बहरहाल, केंद्रीय बैंक ने अर्थव्यवस्था में मुद्रा के प्रवाह को बढ़ाने का मन बना लिया है। यह तार्किक ही कि आर्थिक प्रतिकूलताओं के बीच मंदी के प्रभाव को टालने के लिये अर्थव्यवस्था में मुद्रा का प्रवाह बढ़ाने का सहारा लिया जाए। केंद्रीय बैंक को अहसास है कि टैरिफ टकराव से घरेलू विकास दर प्रभावित हो सकती है। साथ ही निर्यात पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। ऐसे में सकारात्मक स्थिति यह है कि दुनिया में कच्चे तेल के दामों में गिरावट आई है, जिससे सरकार को महंगाई को काबू में रखने में मदद मिल सकती है।

# कोर्ट ने लक्ष्मण रेखा खींच दिखाई राह

> **राज्यपाल के पद को लेकर संविधान सभा में भी गहन बहस हुई थी। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने स्पष्ट किया था कि राज्यपाल केवल संवैधानिक प्रमुख होंगे और वे अपनी व्यक्तिगत राय से नहीं, बल्कि राज्य मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्य करेंगे। कुछ सदस्यों ने यह चिंता भी जताई थी कि राज्यपाल कहीं केंद्र सरकार का प्रतिनिधि बनकर राज्यों की स्वायत्तता को बाधित न करे। लेकिन यह माना गया कि अगर पद का उपयोग संवैधानिक मर्यादाओं के भीतर हो, तो यह संतुलन बनाए रखने में सहायक हो सकता है।**

राज्यपाल का पद अगर लोकतंत्र के सहायक संरक्षक की भूमिका निभाए, तो वह उपयोगी हो सकता है, लेकिन जब वह केंद्र सरकार का राजनीतिक उपकरण बन जाता है, तब वह पद संविधान की आत्मा के विरुद्ध चला जाता है।

तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि की भूमिका को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा 8 अप्रैल, 2025 को दिया गया निर्णय भारतीय संघीय ढांचे के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि राज्यपाल किसी विधेयक को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रख सकते, उन्हें या तो मंजूरी देनी होगी, असहमति के साथ लौटाना होगा, या राष्ट्रपति के पास भेजना होगा। यह निर्णय केवल एक कानूनी निर्देश नहीं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्यपालों के लिए एक स्पष्ट लक्ष्मण रेखा खींच देने जैसा है, जिससे बाहर जाना अब संविधान की आत्मा के विरुद्ध माना जाएगा। तमिलनाडु प्रकरण और सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले ने केवल एक संवैधानिक संकट का समाधान नहीं किया, बल्कि एक बुनियादी सवाल भी खड़ा किया है। लोकतांत्रिक भारत में राज्यपाल की प्रासंगिकता।

राज्यपाल का पद अगर लोकतंत्र के सहायक संरक्षक की भूमिका निभाए, तो वह उपयोगी हो सकता है, लेकिन जब वह केंद्र सरकार का राजनीतिक उपकरण बन जाता है, तब यह पद संविधान की



आत्मा के विरुद्ध चला जाता है। आज का युग जन-जागरूकता और जवाबदेही का है। अब समय आ गया है कि हम यह मूल्यांकन करें कि क्या वाकई राज्यपाल का पद भारतीय संघीय ढांचे को मजबूत कर रहा है? तमिलनाडु में राज्यपाल रवि ने राज्य सरकार द्वारा पारित 12 विधेयकों को महीनों तक रोके रखा, जिनमें से कई को बिना कारण बताए राष्ट्रपति के पास भेज दिया और कुछ को लौटाया भी। उन्होंने सदन के अभिभाषण के दौरान सरकार द्वारा तैयार भाषण को अधूरा पढ़ा और बीच में ही वॉकआउट कर दिया। ये सभी घटनाएं संविधान की भावना और राज्यों की स्वायत्तता के खिलाफ मानी गईं। सुप्रीम कोर्ट ने इन कृत्यों को लोकतंत्र की उपेक्षा बताया और स्पष्ट किया कि राज्यपाल को मंत्रिपरिषद की सलाह का पालन करना अनिवार्य है।

यह कोई पहली घटना नहीं है जब राज्यपाल और निर्वाचित सरकार के बीच टकराव सामने आया हो। उत्तराखंड में 2016 में बहुमत परीक्षण से पहले राष्ट्रपति शासन लागू कराना, महाराष्ट्र में 2019 में तड़के सरकार बनवाना, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में असंवैधानिक हस्तक्षेप, पश्चिम बंगाल और पंजाब जैसे राज्यों में राज्यपालों द्वारा मंत्रिपरिषद की सलाह की उपेक्षा। ये सभी उदाहरण बताते हैं कि राज्यपाल का पद बार-बार विवादों में रहा है। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहे रोमेश भंडारी ने 1998 में कल्याण सिंह की सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की अनुशंसा की थी, जिसे बाद में न्यायपालिका ने असंवैधानिक करार दिया। इसी प्रकार, आंध्र प्रदेश के राज्यपाल रहे रामलाल, जो पहले हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रह चुके थे, ने 1984 में एन.टी. रामाराव की निर्वाचित सरकार को हटा दिया और केंद्र के समर्थन से विपक्षी नेता को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिला दी। इस निर्णय के खिलाफ जनांदोलन खड़ा हुआ, जिसे अंततः राष्ट्रपति को पलटना पड़ा।

राज्यपाल के पद को लेकर संविधान सभा में भी गहन बहस हुई थी। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने स्पष्ट किया था कि राज्यपाल केवल संवैधानिक प्रमुख होंगे और वे अपनी व्यक्तिगत राय से नहीं, बल्कि राज्य मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्य करेंगे। कुछ सदस्यों ने यह चिंता भी जताई थी कि राज्यपाल कहीं केंद्र सरकार का प्रतिनिधि बनकर राज्यों की स्वायत्तता को बाधित न करे। लेकिन यह माना गया कि अगर पद का उपयोग संवैधानिक मर्यादाओं के भीतर हो, तो यह संतुलन बनाए रखने में सहायक हो सकता है। संविधान निमार्ताओं ने राज्यपाल को नामित प्रमुख के रूप में देखा था एक ऐसा पद जो केवल सलाहकार भूमिका निभाएगा, और राज्य की चुनी हुई सरकार की सिफारिशों पर ही कार्य करेगा।

परन्तु आज की स्थिति देखें, तो साफ प्रतीत होता है कि राज्यपाल कई बार संविधान निमार्ताओं की उस भावना से विचलित हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट को बार-बार दखल देना पड़ रहा है, जो इस व्यवस्था की कमजोरी को उजागर करता है।

निःसंदेह, यदि राज्यपाल की भूमिका बार-बार अलोकतांत्रिक साबित होती रहे, तो इसके विकल्पों या इस पद की समाप्ति पर गंभीर विचार जरूरी है ताकि सत्ता नहीं, संविधान सर्वोपरि हो। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 155 कहता है कि राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी, लेकिन यह नियुक्ति केंद्र सरकार की सिफारिश पर होती है। इसी कारण राज्यपालों की निष्पक्षता पर सवाल उठते रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राज्यपालों को विधेयकों पर अनिश्चितकाल तक निर्णय टालने से रोका है, जिससे यह बहस फिर तेज हुई है कि क्या यह पद सार्थक है?

एक और विकल्प यह हो सकता है कि राज्यपाल की नियुक्ति केंद्र सरकार के बजाय एक स्वतंत्र, बहुपक्षीय समिति करे। जिसमें सुप्रीम कोर्ट, राज्यसभा व लोकसभा के प्रतिनिधि और संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री की भी भूमिका हो। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय सिर्फ एक राज्य की संवैधानिक व्यवस्था का पुनसंर्योजन नहीं है, बल्कि पूरे भारत के संघीय ढांचे की गरिमा को पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक साहसी हस्तक्षेप है। एक ऐसा संदेश जो राज्यपालों के साथ-साथ केंद्र सरकार को भी गहराई से समझना होगा।

# हिंसा कैसी सवैधानिक?

वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सर्वोच्च अदालत 15-16 अप्रैल को सुनवाई करेगी। ऐसी 15 याचिकाएं हैं। चूंकि संसद के दोनों सदनों से वक्फ बिल पारित हो चुका है, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी हस्ताक्षर कर दिए हैं, लिहाजा अधिसूचना जारी होने के बाद वक्फ का नया कानून प्रभावी हो चुका है। संसद में आधी रात तक बहस चलती रही, सत्ता और विपक्ष के सांसदों ने अपनी-अपनी दलीलें पेश कीं और मत-विभाजन के बाद बिल पारित किया गया। इससे अधिक और कारगर लोकतांत्रिक और संवैधानिक प्रक्रिया और क्या हो सकती है? यही संसदीय प्रक्रिया सात दशकों से जारी रही है और बड़े-बड़े फैसले लिए गए हैं। बिल पारित किए जाते रहे हैं। अब विपक्ष के एक तबके ने कानून को असंवैधानिक करार देते हुए उसे सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी है, तो यह हास्यास्पद और पूर्वाग्रही लगता है। अलबत्ता अदालत में जाना भी विपक्ष का संवैधानिक अधिकार है। अब सर्वोच्च अदालत नए वक्फ कानून की समीक्षा करेगी और अपना फैसला सुनाएगी। उसके बावजूद देश के कुछ हिस्सों में हिंसा, मारपीट, नफरत और आगजनी के दृश्य क्यों दिख रहे हैं? जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ संशोधन कानून की प्रतियां फाड़ दी गईं, विधायकों ने जमकर हाथापाई की, सदन में हुड़दंग मचाया। दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में भी वामदलों और कांग्रेस के छात्र-नेताओं ने वक्फ बिल की प्रतियां फाड़ कर चिंदी-चिंदी बिखेर दीं। उन्हें जला भी दिया। उप्र के संभल, मुजफ्फरनगर, कानपुर आदि इलाकों में जिन्होंने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन किया था अथवा जो शुक्रिया भाईजान मोदी के नारे लगा रहे थे, बैनर लहरा रहे थे, उन्हें बुरी तरह पीटा गया। मुजफ्फरनगर में एक बूढ़े शख्स को भी नहीं बख्शा गया। मणिपुर में बिल के समर्थक का घर तक जला दिया गया। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ बिल के विरोधी पुलिस से ही भिड़ गए। खूब हिंसा हुई और पुलिस वाहन फूंक दिए गए। घटनास्थल पर बड़े-बड़े पत्थर देखे गए, जाहिर है कि पथराव भी किया गया होगा! आखिर यह कैसा लोकतंत्र और कैसी संवैधानिकता है! यदि वक्फ के नए कानून के तहत मुसलमानों का कुछ छिन सकता है, मौलिक अधिकार खंडित हो सकते हैं, तो इंसाफ की गुहार के लिए सर्वोच्च अदालत है। ऐसे चेहरे शीर्ष अदालत में कानून को चुनौती दे चुके हैं। अदालत को अपना काम करने दें और फैसले का इंतजार करें। संसद में नागरिकता संशोधन बिल भी पारित किया गया था। उस पर करीब 250 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गईं। मामला अब भी लंबित है। तीन तलाक को जब आपराधिक कानून बनाया गया, तो उसके खिलाफ भी 15 याचिकाएं दाखिल की गईं। अयोध्या के राम मंदिर पर संविधान पीठ का फैसला आने के बाद भी पुनर्विचार याचिकाएं दी गईं। हालांकि उन्हें खारिज कर दिया गया। अनुच्छेद 370 पर तो कांग्रेस आज भी दावा कर रही है कि वह अब भी संविधान का हिस्सा है। सर्वोच्च अदालत उसे सर्वसम्मति से वैध करार दे चुकी है, जो फैसला बहुमत से संसद ने पारित किया था। दरअसल एक विशेष तबके की फितरत ही ऐसी है कि उसे मोदी सरकार के संसदीय फैसलों का विरोध करना ही है। कमोबेश विपक्ष के कुछ चिह्नित चेहरों को संसद की गरिमा और फैसले को बरकरार रखना चाहिए था, क्योंकि ओवैसी, ए. राजा, मुहम्मद जावेद आदि लोकसभा के सदस्य हैं। वे बहुमत के फैसले के हिस्सेदार रहे हैं। फिर अदालती चुनौती महज सियासत के अलावा कुछ और नहीं है। वक्फ पर बहुत कुछ सामने आ चुका है। वक्फ बोर्ड के अधीन 9.4 लाख एकड़ जमीन में करीब 8.72 लाख संपत्तियां हैं। उप्र में ही सबसे ज्यादा 27 फीसदी संपत्तियों पर अवैध कब्जे बेनकाब हुए हैं। ऐसे ही कब्जे बंगाल-पंजाब में 9-9 फीसदी, तमिलनाडु में 8 फीसदी, कर्नाटक में 7 फीसदी, केरल में 6 फीसदी और तेलंगाना-गुजरात में 5-5 फीसदी हैं। क्या उन पर कार्रवाई करना सरकारों का संवैधानिक दायित्व नहीं है? संशोधित कानून में एक बार फिर संशोधन किया गया है। इस पर आपत्ति क्यों होनी चाहिए?

# राजनीतिक हित साधने का जरिया न बने भाषा

किसी अफसर को राज्य-विशेष की भाषा बोलनी नहीं आती तो इसका अर्थ यह नहीं है कि उसे सरेआम थप्पड़ मार दिया जाये। भाषा के हित साधने का यह तरीका अनुचित ही नहीं, आपराधिक भी है। उचित तरीका तो यह है कि हम अपनी भाषा को इतना समृद्ध बनायें कि हर किसी को उसे सीखने, काम में लेने की इच्छा होने लगे।

महाराष्ट्र सरकार के एक अधिकारी को मराठी न बोल पाने की सजा भुगतनी पड़ी। मातृभाषा मराठी के प्रति अतिरिक्त लगाव वाले कुछ मराठी युवाओं ने यह सजा दी थी। उन्हें महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) का संरक्षण प्राप्त था। अब मनसे के नेता राज ठाकरे ने अपने अनुयायियों से कह दिया है कि महाराष्ट्र में मराठी बोलने की अनिवार्यता के लिए अभियान जारी रखने की आवश्यकता नहीं है। लोग समझ गये हैं। लोग कितना समझे हैं, और राज्य में मराठी भाषा का उपयोग कितना बढ़ जायेगा, यह तो आने वाला कल ही बतायेगा, लेकिन यह बात तो सहज समझ में आने वाली है कि जो जहां रह रहा है, उसे क्षेत्र-विशेष की भाषा तो आनी ही चाहिए। लेकिन यहीं इस बात की समझ की भी अपेक्षा की जाती है कि हमारा संविधान रोजी-रोटी के लिए कहीं भी आने-जाने, बसने का अधिकार देश के हर नागरिक को देता है। आसेतु-हिमालय सारा भारत देश के सब नागरिकों का है, सबको कहीं भी जाकर बसने का अधिकार है। ऐसे में, क्षेत्र-विशेष की भाषा बोलने की शर्त हर नागरिक के लिए लागू करना शायद उतना व्यावहारिक नहीं होगा, जितना समझा जा रहा है। इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि कोई भाषा न बोल पाने वाला उस भाषा के प्रति अवमानना का भाव रखता है।

यहीं इस बात को रेखांकित किया जाना जरूरी है कि अपनी भाषा के प्रति लगाव का भाव होना एक स्वाभाविक स्थिति है, अपनी भाषा के प्रति प्यार और सम्मान का भाव होना ही चाहिए, पर इसका यह अर्थ नहीं है कि हम देश की अन्य भाषाओं के प्रति अवमानना का भाव रखें। देश की सारी भाषाएं हमारी भाषाएं हैं, और हमें सब पर गर्व होना चाहिए।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विभिन्न भाषाओं से समृद्ध हमारे भारत में भाषा के नाम पर विवाद खड़े किये जाते हैं। इस मुद्दे पर कई बार विभिन्न राज्यों में हिंसक घटनाएं भी हो चुकी हैं। उस स्थिति का मुख्य कारण भाषा को राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति का माध्यम बनाना है। यह एक हकीकत है कि भाषा की इस राजनीति ने देश के अलग-अलग हिस्सों में अप्रिय स्थितियां पैदा की हैं। तमिलनाडु, महाराष्ट्र, बंगाल, कर्नाटक आदि राज्यों में हमने इस राजनीति के दुष्परिणाम देखे हैं। अब भी समय-समय पर इन दुष्परिणामों की चिंगारियां भड़क उठती हैं।

बहरहाल, जहां तक महाराष्ट्र का सवाल है भाषाई आंदोलन यहां के राजनीतिक इतिहास का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। मराठी संस्कृति और भाषा की रक्षा के नाम पर, मराठी अस्मिता की दुहाई देकर राजनीतिक दलों का गठन तक हुआ है। मराठी मानुष के हितों का नाम लेकर राज्य में समय-समय पर आंदोलन होते रहे हैं। इस संदर्भ में मनसे की हाल की कार्रवाई ऐसा ही



एक उदाहरण प्रस्तुत करने वाली है।

हमारे देश में राज्यों का गठन भाषाई आधार पर हुआ है। ये भाषाएं हमारी कमजोरी नहीं, ताकत हैं। इसलिए जरूरी है कि हमारी हर भाषा निरंतर समृद्धि की दिशा में बढ़े, बढ़ती रहे। भाषा के विकास का मतलब यही नहीं है कि उसका विस्तार कितना हो गया है अथवा उस भाषा के बोलने वालों की संख्या कितनी बढ़ गयी है। भाषा के विकास का अर्थ यह भी है कि भाषा की क्षमता कितनी बढ़ी है अर्थात नये-नये विषयों को समझने-समझाने में भाषा कितनी सक्षम हो गयी है या होती जा रही है। साहित्य, संस्कृति, कला, विज्ञान आदि क्षेत्रों की आवश्यकताओं की पूर्ति में कोई भाषा कितनी समृद्ध है, यही तथ्य उसके विकास का असली पैमाना है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आज भाषा के नाम पर जो आंदोलन-अभियान चलाये जा रहे हैं उनके पीछे असली मकसद भाषा की समृद्धि नहीं, राजनीतिक हितों को साधने की हवस है। यहां हितों के बजाय स्वार्थ कहना अधिक उपयुक्त होगा। किसी अफसर को राज्य-विशेष की भाषा बोलनी नहीं आती तो इसका अर्थ यह नहीं है कि उसे सरेआम थप्पड़ मार दिया जाये। भाषा के हित साधने का यह तरीका अनुचित ही नहीं, आपराधिक भी है। उचित तरीका तो यह है कि हम अपनी भाषा को इतना समृद्ध बनायें कि हर किसी को उसे सीखने, काम में लेने की इच्छा होने लगे।

लेकिन हमारे यहां स्थित उल्टी है। तमिलनाडु वाले कहते हैं कि हम पर हिंदी थोपी जा रही है, कर्नाटक वालों को सार्वजनिक स्थानों पर हिंदी में जानकारी दिये जाने पर ऐतराज है। महाराष्ट्र वालों को शिकायत है कि उनकी भाषा को क्लासिकल दर्जा दिये जाने के बावजूद वह सम्मान नहीं दिया जा रहा जिसकी वह अधिकारी है। और दुर्भाग्यपूर्ण यह भी है कि इन सब के पीछे भाषा विशेष के प्रति प्यार या सम्मान का भाव नहीं होता, अक्सर राजनीतिक स्वार्थ ही इसका कारण बनते हैं ।

यदि बात सिर्फ प्यार या सम्मान की ही है तो राज ठाकरे की चिंता राज्य में मराठी माध्यम के स्कूलों की संख्या का घटना होती। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में दस साल पहले की तुलना में मराठी माध्यम के स्कूल आज कहीं कम हैं। वर्ष 2014-15 में मुंबई महानगर पालिका मराठी माध्यम के 368 स्कूल चलाती थी, आज ऐसे सिर्फ 262 स्कूल हैंझ अर्थात दस वर्षों में मराठी माध्यम की सौं शालाएं बंद हो गयी हैं! चिंता इस कमी पर होनी चाहिए। पर कोई नहीं पूछ रहा कि यह सौ स्कूल क्यों बंद हो गये। यह तो पूछा जा रहा है कि राज्य में फलां अफसर को मराठी बोलनी क्यों नहीं आती, यह कोई नहीं पूछ रहा कि मराठी माणुस अपने बच्चों को मराठी माध्यम के स्कूलों में पढ़ाना क्यों पसंद नहीं कर रहा? अपनी भाषा के प्रति प्यार और सम्मान के भाव का यह भी एक मतलब है कि हम उसकी क्षमता में विश्वास रखें। अपनी भाषा बोलने-लिखने में गर्व का अनुभव हो हमें।

हाल ही में देश की राजधानी में आयोजित अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन की अध्यक्ष डा. तारा भावलकर ने अपने अध्यक्षीय भाषण में मराठी भाषा की इसी स्थिति पर चिंता प्रकट की थी। उन्होंने कहा था, हम मराठियों ने अपनी भाषा के क्लासिकल भाषा का दर्जा दिये जाने का अभियान चलाया था, और उसे प्राप्त भी कर लिया। हमारी अपेक्षा है कि मराठी निरंतर विकसित हो। पर और भी कई बातें हैं जिनकी हमें चिंता होनी चाहिए। इन बातों में उन्होंने मराठी में शिक्षा की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा था, आज मराठी स्कूल बंद हो रहे हैं और उनकी संपत्ति बेची जा रही है!

महाराष्ट्र के किसी सरकारी अधिकारी का मराठी बोल पाना उतना महत्वपूर्ण नहीं है जितनी यह बात कि महाराष्ट्र में रहने वाले मराठी भाषा और साहित्य के प्रति कितना आदर-भाव रखते हैं। अपनी भाषा की क्षमता में विश्वास का एक पैमाना यह भी है कि हमारे शिक्षण-संस्थानों में मराठी भाषा में क्या और कितना पढ़ाया जा रहा है; हम में से कितने गर्व से यह कह सकते हैं कि मेरे बच्चे मराठी या गुजराती या बांग्ला या कन्नड़ड्ढ माध्यम के स्कूल में पढ़ रहे हैं? आज तो स्थिति यह है कि मुंबई से लेकर महाराष्ट्र के गांव-खेड़े तक में अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खुल गये हैं और उनके साथ यह जोड़ा जाना भी जरूरी हो गया है कि यह इंटरनेशनल स्कूल है! इस इंटरनेशनल का क्या मतलब है, मैं नहीं जानता, पर इतना अवश्य जानता हूं कि आजादी से पहले हम अंग्रेजों के गुलाम थे, अब अंग्रेजी के गुलाम हो गये हैं। यह बीमार मानसिकता है। इससे उबरना ही होगा।

# लिवर का फैट क्वॉनटिफि केशन, लिवर इलास्ट्रोग्राफी / फाइब्रोस्कैन, अल्ट्रासाउंड से हिस्ट्रोसल्पिंगोग्रही जाँच अब मोदीनगर में भी संभव



**नेशनल प्रेस टाइम्स**
मोदीनगर । मोदीनगर के प्यारेलाल अस्पताल में यूएसजी की एडवांस्ड तक्नीक की मशीन आ गयी है जिसके बारे रेडियोलॉजिस्ट डॉ प्राची अवस्थी सिंघल ने बताया के जिन मरीजों के लिवर में फैट की मात्रा बढ जाती है उनको अभी तक ग्रेडिंग के माध्यम से सूचित किया जाता है जैसे के ग्रेड वन, टू, थ्री परंतु लिवर में कितना फैट जमा है उसका सटीक आकलन करना मुश्किल होता था किंतु अब फैटी लिवर वाले मरीजों को सटीक नंबर बताया जा सकेगा। साथ ही जो भी मरीज फैटी लिवर का उपचार किसी भी पद्यति जैसे के व्यायाम, योगा, डाइट, रनिंग, मेडिसिन आदि से ले रहे हैं उनको जिस तरह से ब्लड सुगर व ब्लड प्रेशर पर ध्यान और नियंत्रण रख पाते हैं वैसे ही लिवर में फैट पर भी नजर और नियंत्रण रख सकेंगे।

इलास्ट्रोग्राफी / फाइब्रोस्कैन पर रोशनी डालते हुए उन्होंने बताया के समय के साथ साथ लिवर का लचीलापन कम होने लगता है और लिवर हार्ड ( फाइब्रोज्ड) होने लगता है साथ ही लिवर में किसी भी तरह की बीमारी जैसे के हेपेटाइटिस ए, बी, सी, अल्कोहलिक लिवर डिजीस, शराब का सेवन, लंबे समय

तक किसी अन्य बीमारी की दवा इत्यादि लिवर के फाइब्रोसिस को और अधिक तेजी से बढ़ा देती है जिसके कारण लिवर डैमेज होने लगता है।

बहुत अधिक मात्रा में जब लिवर खराब हो जाता तो लिवर ट्रांसप्लांट तक की नौबत आ जाती है, अगर सही समय पर डायग्नोसिस बन जाए और मरीज मुकम्मल इलाज ले तो लिवर को बचाया भी जा सकता है।

एच० एस० जी० यानी के हिस्ट्रोसल्पिंगोग्राफी के संबंध में डॉ प्राची अवस्थी ने बताया के इंफर्टिलिटी के मरीजों में महिला के बच्चेदानी में डाई डाली जाती है और फिर उसके मल्टीपल एक्स-रे लिए जाते हैं जिससे मरीज को डाई एवं रेडिएशन (-तल) झेलना पड़ता है साथ ही यह एक पीड़ादायक जांच है जिसके बाद दर्द की दवा लेनी पड़ती है।

किंतु इस आधुनिक मशीन जांच में बिना दर्द, बिना डाई और बिना तल के ट्यूब्स का आंकलन संभव है । यूटरस के साथ साथ ओवरीज की भी जांच एक साथ की जा सकती है

अस्पताल निदेशक डॉ योगेश सिंघल ने बताया की तकनीक के क्रम में अस्पताल शरू से ही अग्रणी रहा है अब मरीजों की कई प्रकार कई आधुनिक जाचे एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी मरीजों को अलगअलग स्थानों पर नहीं भटकना पड़ेगा इससे क्षेत्र के हजारो लोगो को लाभ मिलेगा ।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई।



**नेशनल प्रेस टाइम्स**
लखनऊ- कानपुर एक्सप्रेसवे पर बंथरा बाजार के पास यातायात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की।पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 20 से अधिक वाहन चालकों का चालान काटा गया है।उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चलाने वालों और बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।चालान की कार्रवाई का सकारात्मक प्रभाव दिख रहा है।लोग अब यातायात नियमों का पालन करने लगे हैं।इससे वाहन चालकों की सुरक्षा बढ़ी है। नियमों के पालन से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की संभावना है।

# शहर विधायक ने कार्रवाई को रुकवाने का दिया आश्वासन



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

मुरादाबाद : बुलडोजर अपराधियों और भूमाफिया के लिए है, व्यापारियों के लिए नहीं', शहर विधायक ने कार्रवाई को रुकवाने का दिया आश्वासन मंडी समिति प्रशासन की और से पक्के निर्माण गिराने की कार्रवाई को लेकर गुरुवार को शहर विधायक रितेश गुप्ता मंडी मनाडी. समिति आढ़तियों के बीच पहुंचे। जहां उन्होंने कार्रवाई को रुकवाने का आश्वासन देते हुए कहा, बुलडोजर अपराधियों और भूमाफिया के लिए है, व्यापारियों के लिए नहीं है।

मंडी प्रशासन पहले आढ़तियों के बैठने की व्यवस्था करें, उसके बाद पक्के निर्माण गिराने की बात पर विचार किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में जिला अधिकारी अनुज सिंह से वार्ता कर इस कार्रवाई पर तत्काल रुकवाने का मंडी आढ़तियों को आश्वासन दिया है।

# लखनऊ के गोशाला में पानी-छांव के इंतजाम नहीं



**नेशनल प्रेस टाइम्स**
मोहनलालगंज के उप जिलाधिकारी अंकित शुक्ला ने सिसेंडी स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया।गर्मी के मौसम में पशुओं के लिए पर्याप्त पानी और छांव की व्यवस्था नहीं थी ।इस लापरवाही पर एसडीएम ने जिम्मेदार अधिकारियों को फटकार लगाई।उन्होंने तुरंत सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए।कहां- गोवंश की देखभाल में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सट्टे में पैसा डूबा, वसूली से तंग शख्स ने खुद को लगाई आग

मथुरा। वृंदावन में सट्टा में पैसा डूबने के बाद उधार वसूलने वालों से तंग आकर एक शख्स ने पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। परिजनों ने आग पर नियंत्रण पाया और सौ शैय्या अस्पताल ले गये, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना में व्यक्ति 60 फीसदी झुलस गया। पीड़ित की पत्नी ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली की पुलिस चौकी मथुरा दरवाजा क्षेत्र अंतर्गत हनुमान गली, गौरा नगर कॉलोनी निवासी नितिन शर्मा सट्टे में लगे पैसों और उधार के तगादे को लेकर परेशान था। पत्नी गुड़िया ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कॉलोनी निवासी पंकज चौधरी और महोली रोड निवासी राजा पर आरोप लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, नितिन ने पोशाक के कार्य के लिये राजा से एक लाख रुपसे उधार लिये थे। पंकज ने इन पैसों को सट्टे में लगवा दिया। राजा ने पंकज को ही भेजकर तगादा करना शुरू कर दिया। मंगलवार की रात को पंकज घर आया और पति को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इससे परेशान होकर उसने आत्मदाह का कदम उठाया। पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। परिजनों और पड़ोसियों ने कंबल डालकर आग को बुझाया। इसके बाद सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे एसएन मेडिकल कॉलेज ले गये। पुलिस ने आत्महत्या के लिये उकसाने, अपमानित करने, आपराधिक धमकी देने आदि मामलों में रिपोर्ट दर्ज की है। एसएचओ प्रशांत कपिल ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। पंकज और राजा की गिरफ़्तारी को टीम दबिश दे रही है।

# जिलाधिकारी ने खजरा खाकम में गेहूं की फसल को काटा



**नेशनल प्रेस टाइम्स**
संभल(बहजोई) जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया ने विकास खंड बहजोई के ग्राम खजरा खाकम में किसानों की फसल उत्पादकता को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें जिलाधिकारी ने किसान रामपाल पुत्र सरदार सिंह के खेत गाटा संख्या 449 में जाकर गेहूं की फसल की क्रॉप कटिंग के कार्य का निरीक्षण किया एवं स्वयं भी गेहूं की फसल को काटा ।निरीक्षण के दौरान 10 .10 त्रिकोण मीटर के क्षेत्र की फसल को निकलवा कर उसके अनाज को क्रॉप कटिंग के मानक के अनुसार माप करवायी। 43. 3 स्क्वायर मीटर में 23.300 कि.ग्रा. गेहूं निकला। जिसमें जिलाधिकारी ने बताया कि क्रॉप कटिंग सभी जनपदों में किए जाते हैं और इसमें रैंडम आधार पर कुछ खेतों को चुना जाता है जिनकी उत्पादकता का आकलन त्रिकोणीय आकृति में खेत को काटकर उससे कितनी उत्पादकता हुई है वह देखी जाती है इससे दो लाभ होते हैं प्रथम जनपद का जो औसत निकलता है उससे यहां की उत्पादकता का पता चलता है और उसके आंकड़े शासन को भी प्रेषित किए जाते हैं द्वितीय उत्पादकता अगर कम होती है तो उन किसानों को जिन्होंने फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा करा रखा है अगर जनपद में उत्पादकता मानकों से कम रहती है तब उन किसानों को फसल बीमा योजना के अंतर्गत लाभ दिया जाता है अतः किसानों को ज्यादा से ज्यादा फसल बीमा कराना चाहिए।

इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार एवं तहसीलदार चंदौसी धीरेन्द्र सिंह एवं लेखपाल खजरा खाकम आकाश वार्ष्णेय एवं संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर/ सिविल बार एसोसिएशन गुन्नौर ने किया मा. सिविल जज / न्यायिक मजिस्ट्रेट का विदाई समारोह




संभल (यू.पी.) संभल / गुन्नौर बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर एवं सिविल बार एसोसिएशन गुन्नौर के अधिवक्ताओं ने मा. सिविल जज/ न्यायिक मजिस्ट्रेट विजय प्रकाश सिविल कोर्ट में पदासीन थे सिविल जज का स्थानांतरण औरैया जिले में होने के कारण गुन्नौर के अधिवक्ताओं ने सिविल जज का फूल मालाओं एवं बार वैलफेयर का प्रतीक चिन्ह देकर विदाई समारोह किया। विदाई समारोह के मौके पर उप जिला अधिकारी दीपक चौधरी गुन्नौर, जितेंद्र सिंह यादव एडवोकेट अध्यक्ष, वीरेश यादव एडवोकेट, अमन सक्सैना एडवोकेट, नरेश पाल यादव एडवोकेट, सोनू यादव एडवोकेट, मोहित यादव एडवोकेट महासचिव, हेमंत दीक्षित एडवोकेट, ब्रह्म प्रकाश एडवोकेट, वरुण कुमार एडवोकेट, चंद्रभान सिंह पाल एडवोकेट, चंद्रकेश यादव एडवोकेट, भगवान सिंह यादव एडवोकेट, दिलीप भारती एडवोकेट, विजय सागर एडवोकेट, भगत सिंह यादव एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# मथुरा में बनेगा डिजास्टर शेल्टर हाउस, बाढ़ और अन्य आपदाओं से प्रभावित लोगों को मिलेगा सहारा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। शहरी क्षेत्र में बाढ़ एवं दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को शरण दिए जाने के लिए कोई ऐसी व्यवस्था नहीं है, जहां पर इन लोगों को ठहराया जा सके। नगर विकास विभाग ने दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को शरण देने के लिए डिजास्टर शेल्टर हाउस बनाए जाने की अनुमति दी है। इसके तहत नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए भूमि की तलाश की जा रही है। भूमि फाइनल होने के बाद इसकी विस्तृत डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। बाढ़ एवं दैवीय आपदा होने पर प्रभावित लोगों को आश्रय देने के लिए शहरी क्षेत्र में ऐसी कोई जगह नहीं है, जहां पर इन लोगों को ठहराया जा सके। कोरोना काल में बाहरी जिलों से आने वाले लोगों को रोकने का काम इंटर कॉलेज एवं अन्य स्थलों में किया गया था। इससे सबक लेते हुए सरकार ने अब इस तरह के इंतजाम किए जाने की ओर प्रयास शुरू किए हैं। नगर विकास विभाग ने नगर निगम को बाढ़ एवं दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों के लिए डिजास्टर शेल्टर हाउस बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत साढ़े छह करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। जल निगम सी एंड डीएस को इसके लिए अधिकृत किया गया है।

इसके लिए भूमि की तलाश की जा रही है। शहरी क्षेत्र में ऐसी भूमि जहां पर डिजास्टर शेल्टर हाउस उपयोगी साबित हो, की ओर काम चल रहा है। नगर निगम के राजस्व विभाग के कर्मचारी इस ओर लग गए हैं। भूमि मिलने के बाद इसका प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।शेल्टर हाउस में कामन कमरे एवं किचिन होगी। यहां पर 200 से 300 लोगों के ठहरने की व्यवस्था होगी। जरूरत पर उनके लिए गद्दे एवं चादर व रजाई की भी व्यवस्था की जाएगी। कामन शौचालय होगा।

# रिहा डीपीआरओ का जनप्रतिनिधि, ठेकेदारों ने किया स्वागत

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। रिश्वत लेने के आरोप में जिला कारागार मेरठ में निरुद्ध निलंबित डीपीआरओ किरन चौधरी जमानत पर रिहा हो गईं। रिहाई के बाद उन्हें लेने के लिए मथुरा से एक जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सचिव, प्रधान और ठेकेदार पहुंचे। मेरठ जिला कारागार के बाहर की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। 4 फरवरी को मथुरा में तैनाती डीपीआरओ को रिश्वत लेने के आरोप में विजिलेंस लखनऊ की टीम ने गिरफ्तार कर मेरठ जेल भेज दिया था। निचली अदालत से उनकी जमानत निरस्त होने के बाद उन्होंने उच्च न्यायालय का रुख किया था। उच्च न्यायालय ने सुनवाई के बाद 3 अप्रैल को उनकी जमानत सशर्त मंजूर कर दी थी। इसी जमानत आदेश के आधार पर मंगलवार शाम को किरन चौधरी को मेरठ जेल से रिहा किया गया। रिहा हुईं किरन को ब्लॉक प्रमुख नौहझील सुमन चौधरी, पंचायत सचिव अंशू राठी, प्रवीण कुमार यादव के अलावा अन्य सचिव, प्रधान और ठेकेदार उन्हें लेने के लिए मेरठ पहुंचे।

मेरठ जिला कारागार के बाहर किरन चौधरी को फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इसके अलावा राया कट पर भी उनका प्रधान और सचिव ने ढोल के साथ स्वागत किया। ग्राम विकास अधिकारी ने बिना अनुमति के ही छोड़ दिया जिला चर्चा है कि मेरठ जेल के बाहर किरन चौधरी को लेने पहुंचे ग्राम विकास अधिकारी बिना अनुमति एवं आलाधिकारियों को सूचना दिए बिना ही मंडल छोड़कर चले गए। जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे ने बताया कि उनसे किसी ग्राम विकास अधिकारी ने जिला छोड़ने की अनुमति नहीं ली।

# व्रन्दावन में संत को ब्लैकमेल कर मांगी जा रही चौथ, रिपोर्ट दर्ज



मथुरा। वृंदावन थाना क्षेत्र में एक संत को ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोपी संत से पांच लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।।जानकारी के अनुसार वृंदावन के एक आश्रम में रहने वाले संत ने आरोप लगाया है कि मध्य प्रदेश के दतिया निवासी देवेंद्र कुशवाह उर्फ देव अपने दो साथियों के साथ कई बार आश्रम में रुका था। इस कारण से उनसे नजदीकी हो गई। वह उनसे उधार धनराशि ले चुका था, जिसे वापस नहीं कर रहा है। 17 मार्च को सुबह 5:00 बजे, जब वह राधावल्लभ महाराज की मंगला आरती में शामिल होने जा रहे थे, उसी समय देवेंद्र कुशवाह और उसके साथी उनसे मिले और गालियां देते हुए 5 लाख रुपये की चौथ की मांग की। उन्होंने धमकी दी कि अगर वह उनकी बात नहीं मानेगा तो झूठा अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर देंगे। उन्हें जान से मारने की धमकी दी है।

# कार्यालयों में रखीं किताबें, स्कूल में बच्चे कर रहे इंतजार

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। परिषदीय विद्यालयों में एक अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है, लेकिन बच्चों के हाथ में किताबें नहीं पहुंची हैं। कक्षा चार से आठवीं तक की किताबें करीब 10 दिनों से मुख्यालय और बीआरसी कार्यालयों में रखी हैं। बच्चों को इंतजार है कि स्कूलों में किताबें आएं तो वे अपनी पढ़ाई शुरू करें। जिले के 1536 परिषदीय विद्यालयों में करीब 1,18,233 छात्र–छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन विद्यार्थियों को सरकार द्वारा निशुल्क किताबें उपलब्ध कराई जाती हैं। एक अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है। नौ दिन बीत चुके हैं। बच्चों को वितरित होने वाली किताबें कार्यालयों में बंद हैं और स्कूलों में बच्चों को ज्ञान दिया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की हीलाहवाली तो कहीं वाहनों का इंतजाम नहीं होने की वजह से किताबें विद्यालयों तक नहीं पहुंच पाई हैं। नया सत्र शुरू होने से पहले विभागीय अधिकारी दावा कर रहे थे कि एक सप्ताह के भीतर सभी स्कूलों में किताबें पहुंच जाएंगी।

सुनील दत्त, बीएसए ने कहा, मथुरा, नंदगांव और राया इन तीन बीआरसी पर किताबें नहीं पहुंची हैं। अन्य सभी बीआरसी पर पुस्तकें पहुंचाई जा चुकी हैं। सभी बीईओ को स्कूलों तक किताबें पहुंचाने के लिए निर्देशित किया है। कक्षा एक से तीन तक की पुस्तकें अभी जिले में नहीं आई हैं। कब तक आएंगी, जानकारी नहीं है।

# मेला की तैयारियां जोरों पर उपजिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर महरौनी ललितपुर क्षेत्र महरौनी अंतर्गत ग्राम कुम्हैडी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुंदेलखंड का प्रसिद्ध अंजनी मेला की तैयारियां जोरों पर है, मेले को सफल बनाने के लिये प्रशासन व मेला प्रबंध समिति ने दूर दराज से आये प्रत्येक दुकानदारों के आधार कार्ड लेकर दुकानों का आवंटन किया जा रहा है , हनुमान जयंती की शोभायात्रा व जवारे विसर्जन करने के लिये मुख्य सड़कों से सेक्टर को चौड़ा कर मरम्मती करण किया गया है , सार्वजनिक शौचालय, पेयजल के लिये के नल, अंजनी मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा जवारे , प्रसाद, चढ़ावा तथा माता अंजनी के दर्शन को शुगम बनाने के लिये अलग-अलग विवस्थायें की गई हैं अंजनी मिले में रामलीला, डिरेगन ट्रेन ,नाव झूला , बड़ा झूला, ब्रेकडांस, मिक्की माउस, साज- सज्जा, खेल खिलौने व खानपान की दुकानें सज चुकीं हैं ,

**अंजनी मेला में उपजिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

11 अप्रैल को ध्वजा रोहण के साथ अंजनी मेला महोत्सव के शुभारंभ की तैयारियों को लेकर उप जिलाधिकारी राज बहादुर सिंह, तहसीलदार तनवीर हसन, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह ने नीला प्रांगण में घूम कर व्यवस्थाएं देखी , मेले में आने वाली श्रद्धालुओं की सुरक्षा, फायर ब्रिगेड पानी के टेकर , लाइट, पार्किंग रसीद, मंदिर के आस पास वाले मेला क्षेत्र में कैमरे , दुकानों पर कमर्शियल सिलेंडर अनिवार्य है ।

इस मौके पर देवकीनंदन कौशिक, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, दिनेश विदुआ , सन्तोष पटेल,सन्तोष निरंजन नेता, संजय कुमार मिश्रा ,राजू बिरथरे ,बलराम निरंजन, रविराज, धर्मेंद्र सिंह बारौन, धनीराम टिकरया, नारायध सिंह, रमेश राय, चिंताराम टिकरया , रामजी श्रीवास्तव , भूपेंद्र सिंह परिहार मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी, धर्मेन्द्र राजा, नीशू दुबे आदि मौजूद रहे ।

# सांसद अनुराग शर्मा ने महरौनी क्षेत्र का भ्रमण कर समस्याओं को जाना

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर महरौनी सांसद अनुराग शर्मा ने महरौनी क्षेत्रीय दौरा किया, जिसमें उन्होंने संसदीय क्षेत्र भ्रमण कर समस्याओं का जाना। नगर एवम क्षेत्र के लोगो से भेंट कर उनकी मूलभूत सुविधाओं एवम शासन प्रशासन द्वारा मिलने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी ली, स्थानीय नागरिकों एवं भाजपा कार्यकताओं ने सांसद का माल्यार्पण कर स्वागत किया, एवम नगर की समस्याओं से अवगत कराया, भाजपा पार्षद प्रतिनिधि उदयभान सिंह ने महरौनी बाईपास पर आए दिन दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए अवगत कराया कि बाईपास पर टीकमगढ़ रोड क्रासिंग व बानपुर रोड क्रॉसिंग सहित नगर के मुख मार्ग पर चिन्हित जगहों पर स्पीड ब्रेकर की अति आवश्यकता है, जिसको सांसद जी ने संज्ञान में लेते हुए पीडब्ल्यूडी से पत्राचार कर समस्या का हल जल्द निपटाने का आस्वासन दिया!

इस मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अजय पटैरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिराम निरंजन, अशोक रावत , पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी , अनिल पटैरिया जी,मंडल महामंत्री रवि खरे, मंडल उपाध्यक्ष शिवा सिंह तोमर,पार्षद प्रतिनिधि उदयभान सिंह, महामंत्री गौना सन्दीप जैन उपस्थित रहे।

## नाराहट से सटे जंगल में लगी आग

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर नाराहट ललितपुर जिले के कस्बे नाराहट से सटे जंगल में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। लोगों ने बताया कि आग दो दिन से जंगल के ऊपर सुलग रही थी, सुलगते सुलगते आग ने बड़ा रूप ले लिया और कस्बे के निकट आ पहुंची। जैसे ही आग कस्बे के निकट पहुंची तो लोग घबड़ाने नहीं की ऐसा ना हो कि आग घरों तक पहुंच जाए। लोगों को अपनी जान माल का खतरा दिखने लगा, लोगों द्वारा इसकी सूचना प्रशासन को दी गई। सूचना मिलने के करीब चार घंटे बाद आग बुझाने का प्रयास किया गया। आग जंगल में लगे होने के कारण ऊपर जाना सम्भव नहीं हो पाया, फिर भी आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। अब पूरी तरह से आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है समाचार लिखे जाने तक पूर्ण रूप से आग पर काबू नहीं पाया जा सका। प्रशासन पूरी मुस्तैदी से आग बुझाने में लगा हुआ है।

# मंडलायुक्त ने किया राजापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण

**एनपीटी ब्यूरो**

राजापुर, चित्रकूटः चित्रकूटधाम मण्डल बांदा आयुक्त अजीत कुमार ने गुरुवार को तहसील मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में गंदगी पाए जाने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने आपातकालीन वार्ड की सफाई व्यवस्था अत्यंत खराब पाई। साथ ही वार्ड में गन्दी बेड शीट व बेड के नीचे गन्दगी जमा पाई। इसके अलावा पेयजल के लिए स्थापित वाटर कूलर बन्द मिला। आरओ वाटर सिस्टम भी क्रियाशील नहीं पाया गया। इस पर मंडलायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा सेवाओं की वर्तमान दशा पर असंतोष व्यक्त करते हुए मुख्य



चिकित्साधिकारी को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराने, ब्लड बैंक की समुचित व्यवस्था कराने, आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने, मरीजों के लिए गर्मी से बचाव के लिए कूलर व पंखों की उचित व्यवस्था कराने, स्वच्छ पेयजल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराने, चिकित्सा उपकरणों का नियमित रख-रखाव करने, मरीजों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने, ओपीडी रजिस्टर एवं मरीज भर्ती रजिस्टर में मरीज का मोबाइल नंबर अंकित करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए।

मण्डलायुक्त ने कहा कि सभी व्यवस्थाएं सात दिनों की अवधि के अंदर दुरुस्त कराते हुए अनुपालन आख्या उनके कार्यालय को प्रेषित की जाए। कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जायेगी एवं जनहित में सभी आवश्यक सुधारात्मक कदम शीघ्र अतिशीघ्र सुनिश्चित करें।

# श्री रघुवीर मन्दिर में हुआ 108 बटुकों का उपनयन संस्कार



चित्रकूट ब्यूरोः श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय अंतर्गत श्री रघुवीर मन्दिर (बड़ी गुफा) में गुरुवार को चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी के अवसर पर 108 बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।

इस दौरान मंदिर परिसर में आचार्यों के निर्देशन में ग्रहशांति यज्ञ, गुरुपूजन, मंत्रदीक्षा, दण्डधारण एवं भिक्षाटन के विधान संपन्न किये गए। श्रीराम संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार के बाद ही गुरुकुल के विद्यार्थियों को वेद-शास्त्रों के अध्ययन का अधिकार प्राप्त होता है। बताया कि प्राचीन वैदिक-सनातन परम्परा में यह ब्रह्मचर्य आश्रम की आवश्यक क्रिया एवं सोलह संस्कारों में से एक है। उपनयन को शास्त्रों में द्विज का दूसरा जन्म भी माना गया है। इस अवसर पर श्रीरामकथा व्यास उमाशंकर, सद्गुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ बीके जैन, श्री सद्गुरू शिक्षा समिति की अध्यक्षा ऊषा जैन सहित आचार्यगण, विद्यार्थी, अभिभावक व सदगुरु परिवार के सदस्य आदि मौजूद रहे।

## 40 घंटे का प्रशिक्षण लेने वाले मध्यस्थ अधिवक्ताओं को मिला प्रमाण पत्र

चित्रकूट ब्यूरोः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में स्थापित मध्यस्थता केन्द्र में मध्यस्थ अधिवक्ताओं को 40 घण्टे का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिवक्ताओं को उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा प्रेषित प्रमाण पत्र प्रदान किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा मध्यस्थ अधिवक्ताओं राहुल शर्मा, चुनकूराम पाल, ननकूराम, भोला शंकर, मुन्नालाल चैबे व रविशंकर द्विवेदी को मध्यस्थता से सम्बन्धित 40 घण्टे के मध्यस्थ प्रशिक्षण देने के बाद जिला जज द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

प्राधिकरण सचिव ने बताया मध्यस्थता केन्द्र में आए एक वाद जिसमें वादिया चांदनी ने कोतवाली में एफआईआर दर्ज करायी थी। इस वाद में न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ने पत्रावली को मध्यस्थता केन्द्र में सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तातिर करने के लिए सन्दर्भित किया था। जिसको गुरुवार को मध्यस्थता केन्द्र के मध्यस्थ अधिवक्ता मुन्नालाल चैबे द्वारा सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करते हुए दोनों पक्षों को एक साथ रहने के लिये सहमत किया गया। साथ ही इस सम्बन्ध में दोनों पक्षों द्वारा सुलहनामा दाखिल किया गया। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि जनपद न्यायालयों में विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक वादों के निस्तारण के लिए आगामी 26 अप्रैल को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत शमनीय दाण्डिक वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्युत से सम्बन्धित वादों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं।

## पीडीए चैपाल लगाकर सपा नेताओं ने सुनीं जनसमस्याएं

चित्रकूट ब्यूरोः ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत चैरा के भोला पुरवा में सपाईयों द्वारा स्वाभिमान स्वमान समारोह एवं पीडीए चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सपाईयों ने भाजपा सरकार को हर मोर्चे पर असफल करार दिया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि पीडीए के लोग एकजुट होकर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की देन व धरोहर संविधान और आरक्षण बचाने के लिए सपाईयों का साथ दें। सांसद कृष्णा पटेल ने बताया कि समाजवादी पार्टी का जनाधार दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है, सपा के कार्यकर्ता जनता के दुःख दर्द में साथ खड़े रहेंगे एवं विकास के कामों को निरंतर गतिशीलता प्रदान की जाएगी। सूरज सिंह पटेल ने बताया कि संविधान ही संजीवनी है। बाबा साहब द्वारा दिए गए वोट के अधिकार की ताकत को बचाए रखने के लिए हमें एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। सांसद प्रतिनिधि डॉ अंकुर पटेल ने कहा कि आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को बहुमत से जिताकर सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनाने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सभा के सरोज यादव ने किया। इस मौके पर कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन लवलेश यादव, पूर्व प्रधान रामगोपाल यादव, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, शिक्षक सभा के प्रदेश सचिव रामधनी यादव, अमर पटेल, अजय यादव, राजेश साहू, रामनरेश वर्मा, रामकिशोर कुरील, विक्की यादव, चंद्रलोक पटेल, रामप्रसाद यादव, विशाल मिश्रा, संदीप नहरा, हीरालाल पटेल, भागवत कुशवाहा, राममिलन विश्वकर्मा, सीताराम कश्यप, उमाकांत यादव आदि मौजूद रहे।

# बरगढ़ के युवाओं ने महावीर जयंती पर निकाली शोभा यात्रा



चित्रकूट ब्यूरोः जनपद में जैन सम्प्रदाय के लोगों ने भगवान महावीर की जन्म जयंती गुरुवार को धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान लोगों ने भव्य शोभा यात्रा निकालते हुए नगर भ्रमण किया। साथ ही भगवान महावीर की शिक्षाओं का प्रचार किया गया।

भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर बरगढ़ स्थित महावीर मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर पर समाप्त की गई। इस दौरान जगह-जगह पर लोगों ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। शोभा यात्रा के बाद पूजन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। लोगों को बताया गया कि भगवान महावीर ने सत्य, अहिंसा, करुणा और सामाजिक एकता के जो संदेश दिए हैं, वे मानव समाज को अनंतकाल तक राह दिखाते रहेंगे। इस मौके पर भाजपा नेता शुभम द्विवेदी, प्रधान बरगढ़ शैलेश शुक्ल, श्याम नारायण शुक्ला, नेता प्रकाश केशरवानी, रामकुमार पाण्डेय, राकेश जैन, अमित जैन, किशुन जैन, अजीत जैन, हरिश्चंद्र जैन, दीपचंद जैन, रामजी जैन आदि मौजूद रहे।

# शहर के मुख्य मार्ग का सांसद ने किया शिलान्यास

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

सांसद झांसी ललितपुर लोकसभा क्षेत्र अनुराग शर्मा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर विधायक ललितपुर रामरतन कुशवाहा की गरिमामयी उपस्थिति में नगर ललितपुर के मुख्य मार्ग 3.5 कि0मी0 लगात 1079.89 लाख एवं नगर ललितपुर के मुख्य मार्ग में बने दीर्घ सेतु 96.04 मी0 लागत 1101.67 लाख का शिलान्यास किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित कारते हुए सासंद अनुराग शर्मा के द्वारा बताया गया, कि शहर के संपर्क मार्ग की स्वीकृति हेतु, दिशा की बैठक में विधायक सदर रामरतन कुशवाहा ने कहा था, कि बजट प्रथम सत्र 2025 के मध्य ही करा लेंगे, जिसको विधायक जी ने पूरा करा लिया, सेतु के निर्माण में भी विधायक जी ने पूरी मेहनत करते हुए , जनवरी 2025 को ही शासनादेश जारी करा लिया, साथ ही वक्फ बिल की खूबियों को जनता के समक्ष रखा , अपने उद्बोधन में आगामी बिल एक देश एक चुनाव के लिए जनता का आशीर्वाद भी माँगा , प्रेस के साथीयों से प्रचार प्रसार में सहयोग माँगा सदर विधायक ने कहा कि ये समस्त कार्य सांसद के सहयोग से हम आम जनमानस के सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए, धरातल पर उतारने का कार्य किया गया एवं समस्त शहर के नागरिकों से अपील भी की शहर के मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण में अपना विशेष योगदान दे, तथा कार्य आरम्भ होने से पूर्व अपने अतिक्रमण स्वयं हटाने की अपील भी की, जिससे शहर को विकास की गति अवरूध्द न हो सके जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन ने विधायक जी का आभार व्यक्त करते हुए, सदर कांटा पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री जी स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी जी के नाम से पार्क एवं मूर्ति के छह माह में अनावरण सांसद से ही कराने की घोषणा की राज्यमंत्री मन्नू सिंह ने सासंद और विधायक को उक्त कार्य के शिलान्यास हेतु बधाई दी मंच का संचालन श्री प्रदीप चौबे, पूर्व जिलाध्यक्ष, सदस्य बुंदेलखंड विकास बोर्ड ने किया उपस्थित व्यक्ति राज्यमंत्री श्रम विभाग मनोहर लाल पंथ, अध्यक्ष जिला पंचायत कैलाश निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरिश्चंद्र रावत, निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, ब्लॉक प्रमुख विजय सिंह गोलू राजा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, नगर पंचायत तालबेहट पुनीत सिंह परिहार, जगदीश लोधी जी पूर्व जिलाध्यक्ष आदि भारतीय जनता पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## महाप्रबंधक ने किया मानिकपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

मानिकपुर, चित्रकूटः उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी द्वारा ने गुरुवार को प्रयागराज-मानिकपुर खण्ड का निरीक्षण विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक ने निरीक्षण करते हुए रेलवे व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

महाप्रबंधक ने बताया कि विंडो-ट्रेलिंग निरीक्षण भारतीय रेल में एक विशेष निरीक्षण है, जिसमें चलती ट्रेन से निरीक्षण कार की पिछली खिड़की से ट्रैक और उसके आसपास के प्रतिष्ठानों जैसे सिग्नल, ओएचई, प्लेटफॉर्म आदि का निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों की साफ-सफाई, यात्री सुविधाएं और समग्र स्थिति, विशेष रूप से प्वाइंट और क्रॉसिंग पर ट्रेन की सवारी की गुणवत्ता, ट्रैक ज्योमेट्री इंडेक्स (टीजीआई) में सुधार, ओएचई स्थिति, समपार फाटकों की स्थिति, सिग्नल दृश्यता, सिग्नल बाक्स की स्थिति, जैसे महत्वपूर्ण पैरामीटर आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत चयनित मानिकपुर जंक्शन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मानिकपुर जंक्शन पर हो रहे निर्माण कार्यों, जिसमे निमार्णाधीन पैदल, उपरगामी पुल, सेकंड इंट्री, रनिंग रूम, निमार्णाधीन रनिंग रूम बिल्डिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बताया कि प्रयागराज मण्डल में अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत मानिकपुर सहित 15 स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है। इस मौके पर मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मण्डल रजनीश अग्रवाल, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक आकांशु गोविलय, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर सीताराम प्रजापति, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर शैलेश कुमार, उप मुख्य परियोजना प्रबंधक दीपक कुमार भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## भाजपा ने गांव चलो, वार्ड चलो अभियान के तहत किया जनसंपर्क

चित्रकूट ब्यूरोः भारतीय जनता पार्टी ने कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डॉ अनिल यादव व जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य के नेतृत्व में गुरुवार को गांव चलो, वार्ड चलो अभियान की शुरूआत की। जिसमें जनसम्पर्क कर लाभार्थियों, स्वयं सहायता समूह की बहनों, शैक्षिक व प्रशासनिक संस्थानों में जाकर संवाद स्थापित किया गया। साथ ही झण्डे लहराते व जयघोष करते हुए गांवों में शोभा यात्रा निकाली गयी। खोह गांव में आयोजित जनसम्पर्क में लाभार्थियों व स्वयं सहायता समूह की बहनो से संवाद करते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि भाजपा तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टीकरण की पक्षधर है। भाजपा विकास को संकल्पित है। भाजपा सही नीति और स्पष्ट दिशा में काम कर रही है। गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी का विकास भाजपा का संकल्प है तथा सभी वर्गों का कल्याण सुनिश्चित कर रही है। भाजपा की डबल इंजन सरकार उत्तर प्रदेश को विकसित उत्तर प्रदेश बनाने को संकल्पित है। जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने खरौंद गांव में जनसंवाद करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार लगातार विकास कार्य कर रही हैं तथा अपने हर दावे को पूरा किया है।

# गड्ढे में जलभराव होने से रोजाना आवागमन में हो रही परेशानी

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। शहर के मोहल्ला नेहरू नगर में राजकीय सम्प्रेक्षण गृह वाली डामर की सड़क से देवगढ़ रोड की ओर जाने वाली सड़क पर नेहरू नगर बाईपास तिराहे के पास डामर वाली सड़क पर बहुत बड़े बड़े गड्ढे हो गये है। उन गड्ढों में सड़क पर ही जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। सड़क पर जलभराव होने से उतनी जगह की डामर वाली सड़क पूरी तरह से उखड़ चुकी है। सड़क के ऊपर बड़ी बड़ी गिट्टी भी निकल आई है। इस सड़क से स्कूल जाने वाले छोटे छोटे बच्चों को, मन्दिर जाने वाले श्रद्धालुओं को, पैदल निकलने वाले राहगीरों को व वाहन चालकों को इस जलभराव वाली सड़क पर से रोजाना निकलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वाहन चालक इस गड्ढे की जलभराव वाली सड़क पर गिरकर चोटिल हो रहे है। स्कूल जाने वाले बच्चों के माता पिता ने, मन्दिर जाने वाले श्रद्धालुओं, मोहल्लेवासियों, राहगीरों व वाहन चालकों ने कई बार प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान इस राजकीय सम्प्रेक्षण गृह वाली डामर की सड़क से देवगढ़ रोड की ओर जाने वाली सड़क पर नेहरू नगर बाईपास तिराहे के पास डामर वाली सड़क पर बहुत बड़ा गड्ढा होने व गड्ढे में जलभराव हो जाने की समस्या की ओर आकर्षित कराया, लेकिन किसी भी प्रशासनिक जिम्मेदार अधिकारियों ने इस डामर वाली सड़क पर हुये बड़े बड़े गड्ढे को गड्ढा मुक्त सड़क नही बना पाया है और न ही गड्ढे में जलभराव की समस्या से मुक्ति दिला पाई है। न ही अभी तक इस डामर वाली उखड़ी पड़ी सड़क को ठीक कराने की सुध ली है। एक बार फिर से स्कूल जाने वाले बच्चों के माता पिता ने, मन्दिर जाने वाले श्रद्धालुओं ने, मोहल्ले वासियों ने, राहगीरों ने व वाहन चालकों ने जिला प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस नेहरू नगर बाईपास तिराहे के पास डामर वाली उखड़ी पड़ी सड़क पर बहुत बड़ा गड्ढा होने व गड्ढा में जलभराव हो जाने की ओर आकर्षित कराते हुये कहा कि मौके पर आकर इस डामर वाली उखड़ी पड़ी सड़क का निरीक्षण करके जल्द से जल्द इस सड़क को गड्ढा मुक्त सड़क बनबाया जाये और जो गड्ढे में जलभराव की समस्या है, उस जलभराव की समस्या से मुक्ति दिलाई जाये।

# चंवरा के जालेश्वर बालाजी मंदिर में जागरण आज, मेला और कुश्ती दंगल कल

## आज रात्रि जागरण में बालाजी एंड पार्टी ककराना देगी भजनों की प्रस्तुतियां

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चंवरा। कस्बे के प्राचीन जालेश्वर बालाजी का वार्षिक मेला हनुमान जयंती शनिवार को धूमधाम से भरेगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष मातादीन सिंह शेखावत ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंवरा के सरपंच धर्मराज सैनी रहेंगे। मेला कमेटी कार्यक्रम की तैयारियों में लगी हुई है। आज रात्रि में बालाजी एंड पार्टी ककराना द्वारा जागरण किया जाएगा। 12 अप्रैल को सुबह बालाजी महाराज को प्रसाद का भोग लगाकर विशाल भंडारा प्रारंभ किया जाएगा। इसके बाद सुबह 10 बजे वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा जिसके लिए प्रवेश शुल्क 101 रुपए रखा गया है। दोपहर 3 बजकर 15 मिनट



पर मुख्य बाजार से ध्वजारोहण एवं झांकी कार्यक्रम शुरू होगा। शाम 4 बजे कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। शनिवार रात्रि को मुख्य अतिथि द्वारा विजेता खिलाड़ियों को इनाम वितरण किया जाएगा। इसके बाद एस एच म्यूजिक पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूजा राव, अमित पूनियां, शालू रोहतक, टीना पटौदी प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने बताया कि मेले में बिजली, पानी तथा बाहर से आने वाले खिलाड़ियों, यात्रियों एवं दुकानदारों के लिए भोजन की व्यवस्था भी निशुल्क रहेगी। मेले में आने वाले सभी दुकनदार मेला प्रबंध समिति को अपनी आईडी देकर कूपन प्राप्त कर अपनी जगह सुनिश्चित कर सकते हैं।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल भण्डारों का होगा आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथलः हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 12 अप्रैल 2025 को श्री हनुमान जन्मोत्सव श्री बालाजी मंदिर पुरानी अनाज मंडी में बड़ी धूम धाम से मनाया जाएगा बालाजी परिवार सेवा समिति के अनुसार जन्मोत्सव कार्यक्रम में बालाजी महाराज का भव्य श्रृंगार, छप्पन भोग, इत्र वर्षा, भव्य झाकियां, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और सायंकालीन विशाल भंडारा और अर्धरात्रि कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।



शहर के ईस्माइल रोड़ पर बालाजी भक्तों की ओर से विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा नगरपरिषद मे नेता विपक्ष विक्की चौधरी ने बताया हर वर्ष की भांति बिजली बोर्ड तिराहे ईस्माइल रोड़ पर विशाल भण्डारा किया जाएगा जिसमे हजारों श्रृदालु प्रसाद ग्रहण कर बालाजी महाराज की कृपा प्राप्त करेगे भण्डारा दोपहर 12 बजे से शुरू होगा

हनुमान पहाड़ी हनुमान जी मंदिर ,पंचमुखी हनुमान मंदिर मे भी हनुमान जन्मोत्सव श्रृद्धा और उमंग से मनाया जाएगा। विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## अस्पतालों में पर्याप्त व्यवस्था और मेडिसिन उपलब्धता के निर्देश

# हीट वेव के मद्देनजर अनावश्यक धूप में ना निकलें, बरतें आवश्यक सावधानी :जिला कलेक्टर

खैरथल-तिजारा, 10 अप्रैल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बुधवार को जिला सचिवालय खैरथल में चिकित्सा विभाग के सभी अधिकारियों की बैठक ली।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बैठक के दौरान चिकित्सा विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कि तथा कार्य योजना बनाकर निर्धारित लक्षण को प्राप्त करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बढ़ती गर्मी के मध्य नजर चिकित्सा विभाग को अत्यधिक गर्मी व लू-तापघात को लेकर चिकित्सा संस्थानों में पर्याप्त व्यवस्था रखनें तथा मेडिसीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी को हीट वेव के संबंध में विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार करने के निर्देश भी दिए।

जिला कलक्टर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी अस्पतालों में लू-तापघात के रोगियों के लिए गाइडलाइन अनुसार बैड आरक्षित रखते हुए वहां कूलर व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओरआरएस, ड्रिपसेट, फ्लूड एवं आवश्यक दवाईयां रखने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने आमजन के लिए जारी अपील में कहा है कि जहां तक संभव हो धूप में न निकलें। निकलें तो शरीर पूर्ण तरह से ढका हो। सफेद या हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़ों का उपयोग करें।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट सहित चिकित्सा विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं चिकित्सा मौजूद रहे।

# अधिस्वीकृत पत्रकारों को मिलेगी हैल्थ स्कीम

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल-तिजारा, 10 अप्रैल। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित है। पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है और मुख्यमंत्री शर्मा ने इस स्तंभ को मजबूती देने के लिए जो ऐतिहासिक कदम उठाया है, वह देशभर में मिसाल बनेगा। पत्रकार अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए दिन-रात समाज को जागरूक करने में जुटे रहते हैं। समाचारों की खोज, रिपोर्टिंग और निष्पक्ष लेखन के कारण वे कई बार आर्थिक और मानसिक दबाव से गुजरते हैं। ऐसे में उनके और उनके परिवार की चिकित्सा सुरक्षा सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण आवश्यकता थी, जिसे भली-भांति समझते हुए मुख्यमंत्री - भजनलाल शर्मा ने राजस्थान जर्नलिस्ट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) की घोषणा की है।

यह योजना केवल एक औपचारिक घोषणा नहीं है, बल्कि पत्रकारों के प्रति सरकार की गहरी संवेदनशीलता का प्रमाण है। अब अधिस्वीकृत पत्रकारों को निगम, प्राधिकरण और बोर्ड के कर्मचारियों की तरह प्रतिवर्ष 10 लाख रुपये तक की मुफ्त चिकित्सा सुविधा मिलेगी। इससे न केवल पत्रकारों को राहत मिलेगी, बल्कि उनके परिवारों को भी स्वास्थ्य संबंधी चिंता से मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री शर्मा ने एक कदम आगे बढ़ते हुए यह सुनिश्चित किया है कि राजस्थान इस योजना को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बने। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व और कल्याणकारी सोच का परिचायक है।

राज्य के सभी अधिस्वीकृत पत्रकारों को स्वास्थ्य कार्ड जारी किया जाएगा। इस कार्ड के माध्यम से राज्य के सभी आरजीएचएस से जुड़े अस्पतालों में मुफ्त इनडोर इलाज की सुविधा मिलेगी। पत्रकारों को भर्ती होने पर डीलक्स रूम (कॉटेज) का लाभ मिलेगा। आउटडोर इलाज के लिए सरकार द्वारा परीक्षण और परामर्श शुल्क वहन नहीं किया जाएगा, लेकिन सरकार इस ओर भी भविष्य में कदम बढ़ा सकती है। अगर किसी पत्रकार के इलाज पर 10 लाख रुपये से अधिक खर्च होता है, तो सरकार अलग से स्वीकृक्ति प्रदान करेगी।

28 मार्च को भीलवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में इस योजना की अधिसूचना का विमोचन किया गया और जयपुर में वरिष्ठ पत्रकारों को कार्ड वितरित कर इसका विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री की यह पहल न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश के लिए अनुकरणीय उदाहरण बनेगी। यह उनके सशक्त नेतृत्व, संवेदनशील सोच और पत्रकारों के प्रति सम्मान का परिचायक है। उनकी यह दूरदर्शिता निश्चित रूप से राजस्थान को प्रगति के नए पथ पर ले जाएगी। मुख्यमंत्री का यह प्रयास पत्रकारों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करेगा और उन्हें अपने कर्तव्यों के निर्वहन में और अधिक सशक्त बनाएगा।

# वक्फ कानून को लेकर मुस्लिम समाज में नाराजगी

अजमेर। प्रेस कांफ्रेंस में जमात ए इस्लामी हिंद के प्रदेशाध्यक्ष मोहम्मद नाजिम ने 'वक्फ बचाओ आंदोलन' की जानकारी देते हुए बताया कि यह आंदोलन 18 अप्रैल तक चलेगा। आंदोलन के तहत 22 अप्रैल को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एक विशाल रैली का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें देशभर के मुस्लिम संगठन भाग लेंगे। देश में हाल ही में लागू किए गए नए वक्फ कानून को लेकर मुस्लिम समाज में गहरी नाराजगी दिखाई दे रही है। इस कानून के विरोध में कई मुस्लिम संगठनों ने आर-पार की लड़ाई का एलान कर दिया है। 11 अप्रैल से 18 अप्रैल तक 'वक्फ बचाओ आंदोलन' चलाया जा रहा है, जिसकी अगुवाई विभिन्न मुस्लिम संगठनों द्वारा की जा रही है। आंदोलन का उद्देश्य वक्फ कानून में हुए हालिया संशोधनों का विरोध करना और सरकार पर इसे वापस लेने का दबाव बनाना है।ण गुरुवार को जयपुर में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में अजमेर दरगाह की अंजुमन कमेटी के सचिव सरवर चिश्ती ने इस मुद्दे पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि देश के 99.9 प्रतिशत मुसलमान इस कानून के खिलाफ हैं। उनका कहना था कि यह कानून वक्फ संपत्तियों पर सरकार के नियंत्रण को बढ़ावा देता है, जो धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों का उल्लंघन है।

# कलेक्टर रामवतार मीणा ने पीरामल स्कूल ऑफ लीडरशिप का किया दौरा, नवाचारों को बताया शिक्षा का भविष्य

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। जिला कलेक्टर रामवतार मीणा ने गुरुवार को बगड़ स्थित पीरामल स्कूल ऑफ लीडरशिप का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इन पहलों को भविष्य की शिक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, डाइट प्राचार्य सुमित्रा झाझाड़िया, अलसीसर के सीबीईओ राजेंद्र कुमार सिंह, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं पिरामल फाउंडेशन के निदेशक घनश्याम सोनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में सी लर्निंग, पीबीएल (परियोजना आधारित शिक्षण), समावेशी शिक्षा और मिशन बुनियाद जैसे कार्यक्रमों के जरिए जिले में हो रहे सकारात्मक बदलावों को साझा किया गया। कलेक्टर मीणा ने पिरामल गांधी फेलोज और छात्रों से संवाद करते हुए उनकी अनुभव यात्राएं सुनीं। अपने उद्बोधन में कलक्टर मीणा ने



कहा, सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए नवाचारों और तकनीकी एकीकरण की सख्त जरूरत है।₹ उन्होंने कळळ, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और समुदाय आधारित परियोजनाओं को और विस्तार देने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में कलक्टर मीणा ने स्कूल परिसर में पक्षियों के लिए एक परींदा स्थापित कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। यह प्रेरणादायक पहल सभी उपस्थितों को उत्साहित कर गई। ाहिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक न्यौला ने कहा कि सामाजिक-भावनात्मक एवं नैतिक शिक्षण, बच्चों को समाज से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। वहीं, सीबीईओ श्री राजेंद्र कुमार सिंह ने मानसिक तनाव से जूझते छात्रों के लिए रएए लर्निंग को बेहद कारगर बताया। भविष्य की योजनाओं के अंतर्गत, कलेक्टर की अध्यक्षता में एक जिला स्तरीय समिति गठित करने पर भी चर्चा हुई, जो विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर जिले के समग्र विकास के लिए ठोस कार्य योजना तैयार करेगी।

पिरामल फाउंडेशन के निदेशक घनश्याम सोनी ने कलेक्टर महोदय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि इस प्रकार के साझे प्रयासों से झुंझुनूं को शिक्षा नवाचार के एक राष्ट्रीय मॉडल के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

# अम्बेडकर जयंती को लेकर कोतवाली मे शांति समिति की बैठक

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। कोतवाली में आगामी 14 अप्रैल को डॉ0 भीमराव अम्बेड़कर जयंती को सकुशल बनाने के लिए क्षेत्र के आयोजकों की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में क्षेत्राधिकारी शाहबाद हर्षिता सिंह ने आयोजकों को जयंती बिना किसी विवाद के मनाने के लिए दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही वक्फ संशोधन कानून को लेकर किसी प्रकार का कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित हो इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।गुरुवार को कोतवाली परिसर में आगामी अम्बेड़कर जयंती को लेकर पुलिस और जयंती आयोजकों की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत ने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ0



अम्बेड़कर जयंती देश का राष्ट्रीय पर्व है जिसे मिल जुलकर शांति पूर्वक मनाना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने जयंती आयोजकों से कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए जयंती को बिना किसी वाद विवाद के मनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने शासन के निदेर्शानुसार अम्बेड़कर प्रतिमाओं के सही रख रखाव पर भी बल देते हुए शोभायात्रा को पुराने रूट पर ही निकालने पर बल दिया। बैठक में क्षेत्र व नगर के डीजे संचालकों को भी बुलाकर हिदायत दी गई डीजे की आवाज को सीमित रखने की बात कही , इस अवसर पर अतिरिक्त इंस्पेक्टर संजय सिंह, इंस्पेक्टर जय प्रकाश यादव, कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार व्यापारी नेता ,गोरे खां , एडवोकेट मनोज भारद्वाज , शाजमान आर्यन माधोराम राजकुमार सागर ,कमल सिंह बौद्ध,आदि मौजूद रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी बालाजी दरबार समिति की 5वीं भव्य शोभायात्रा

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। श्री बालाजी दरबार समिति द्वारा श्री बालाजी महाराज के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शनिवार, 12 अप्रैल 2025 को एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह शोभायात्रा दोपहर 1:00 बजे जैन मंदिर से वन्य व पर्यावरण राज्य मंत्री डॉ अरुण कुमार, पार्थ गौतम, प्रशांत पटेल, अधीर सक्सेना के द्वारा विधिवत पूजन व आरती करके प्रारंभ होगी। शोभायात्रा का मार्ग शहर के प्रमुख स्थलों से होकर रहेगा, जिसमें जैन मंदिर सिविल लाइंस, बरेली कॉलेज गेट, कालीबाड़ी, श्यामगंज, साहू गोपीनाथ स्कूल, मठकी चौकी, शिवाजी मार्ग, कुतुबखाना, बड़ा बाजार, साहूकारा बाजार, किला थाना, अलखनाथ मंदिर होते हुए वापस श्री बाला जी दरबार पर आकर विश्राम लेगी।

शोभायात्रा में भगवान श्री बालाजी की भव्य एवं आकर्षक झांकी मुख्य आकर्षण होगी। इसके साथ ही, भक्तों को बाहुबली हनुमान जी, अयोध्या जी के भगवान श्री राम, महाकाल का अखाड़ा, भगवान शिव का नटराज रूप, श्री राम दरबार और सबसे आगे विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की मनोहारी झांकियों के दर्शन का भी सौभाग्य प्राप्त होगा। इस दिव्य शोभायात्रा में लगभग 12 अन्य धार्मिक झांकियां एवं 14 सुसज्जित रथ भी शामिल होंगे।

यह उल्लेखनीय है कि श्री बालाजी दरबार समिति (पंजीकृत 1935) समय-समय पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों का सफलतापूर्वक संचालन करती रही है, जो सनातन धर्म और संस्कृति के प्रति गहरी आस्था का प्रतीक हैं।

शोभायात्रा के समापन के के उपरांत बालाजी दरबार में भव्य महा आरती का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत भक्तों की मनोकामना पूर्ति के लिए हवन, विशाल भंडारा एवं भगवान को अर्पित किए गए 56 भोग का वितरण किया जाएगा।

# समाज कल्याण शिक्षा सेवा ट्रस्ट एवं ग्लोबल एजूकेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में गौरव सम्मान समारोह का आयोजन

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली , समाज कल्याण शिक्षा सेवा ट्रस्ट एवम ग्लोबल एजुकेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में अध्यक्ष सतेन्द्र पटेल, प्रभारी संजीव अवस्थी, कार्यक्रम संयोजक मुनीश गुप्ता द्वारा रुहेलखंड गौरव सम्मान समारोह का आयोजन अर्बन को-ऑपरेटिव सभागार में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अर्बन को ऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रीमती श्रुति गंगवार एवम विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह गंगवार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सेवा कर रहे समीशन कोचिंग से यमन कुमार, ओमेगा क्लासेस मोहम्मद कलीमुद्दीन, रिलाइज कोचिंग से अजय शर्मा,विद्या क्लासेस से रंजीत गंगवार, पारस कंप्यूटर सेंटर से बंटी ठाकुर सरस्वती विद्या मंदिर से वेद यादव को रुहेलखंड गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया संस्था के संरक्षक विजय पटेल एवम विशिष्ट अतिथि पार्षद छंगामल मौर्य, अजय रत्नाकर, चंद्रपाल राठौर पूर्व मंडल अध्यक्ष राम बहादुर मौर्य एवम मंडल उपाध्यक्ष सुशील गुप्ता द्वारा होनहार एवम कुशल छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। और साथ ही ग्लोबल एजुकेशन के द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मिणाली शर्मा, कसक मौर्य रिया चौहान प्रीति राठौर वंशिका गोल अमल गुप्ता नैतिक सहाय राहुल कुमार तेज सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजन कुमार दलवीर सिंह अभिषेक चंद्रा रिया, अरिषा, कैलाश गंगवार, पी के गंगवार, नीरज सक्सेना , राकेश सक्सेना मोहित शर्मा, डॉक्टर राफिया शबनम डॉक्टर आशुतोष प्रिय हरीश भल्ला , सर्वेश कुमार मौर्य,सरदार कमलजीत सिंह,उद्यम सिंह पंवार,राकेश कुमार मिश्रा,प्रदेश मीडिया प्रभारी पवन कालरा आदि लोगों को सम्मानित किया गया।

# चार्ज संभालते ही अज्ञात चोर ने कोतवाल को दी सलामी

## दिन दहाड़े इलेट्रीशियन की दुकान के गल्ले का लॉक तोड़कर 20 हजार की नकदी उड़ाई, सीसीटीवी खंगालने में जुटी पुलिस





**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कैराना।** नवागत कोतवाल को चार्ज संभालते ही दिन दहाड़े इलेक्ट्रिशियन की दुकान के गल्ले का लोक तोड़कर बीस हजार रुपये की नकदी चुराने की घटना को अंजाम देकर करारी सलामी दी है। घटना को अंजाम देने वाला अज्ञात सीसीटीवी में कैद हो गया है। पुलिस अब अज्ञात चोर की तलाश में सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। बृहस्पतिवार को नवागत कोतवाल धर्मेंद्र सिंह ने कैराना कोतवाली का चार्ज संभाला। जिसके थोड़ी देर बाद यानी लगभग डेढ़ बजे अज्ञात चोर ने मुख्य मार्ग पर स्थित विजय सिंह पथिक महाविद्यालय के द्वार के निकट दिन- दहाड़े इलेक्ट्रिशियन की दुकान के गल्ले का लॉक तोड़कर बीस हाजर रुपए की नकदी चुरा ली और सफलतापूर्वक मौके से फरार हो गया। चार्ज संभालते ही अज्ञात चोर ने नवागत कोतवाल को सलामी दी दी है।दुकान स्वामी फरीद सिद्दीकी पुत्र फहीमुद्दीन निवासी मोहल्ला पीरजादगान ने बताया कि मुख्य मार्ग पर दिल्ली कार म्यूजिक के नाम से दुकान कर रखी है। दोपहर लगभग डेढ़ बजे गाड़ी लेकर वह ब्लॉक कार्यालय के पास गया था। इसी दौरान अज्ञात चोर ने मौका पाकर दुकान के गल्ले का लॉक तोड़कर बीस हजार रुपये की नकदी चुरा ली और मौके से फरार हो गया। थोड़ी देर बाद पड़ोसी दुकानदार मौके पर पहुँचे तो गल्ले का लॉक टूटा पड़ा था और नकदी गायब थी। दिन दहाड़े हुई चोरी की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के बारे में जानकारी जुटाई। पुलिस घटना के खुलासे को लेकर अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।

### सीसीटीवी कैमरों में कैद चोर

चोरों का दुस्साहस देखिए दिन-दहाड़े अज्ञात चोर ने मुख्य दिल्ली कर म्यूजिक की दुकान के गल्ले का लॉक तोड़कर बीस हजार रुपये की नकदी चुराने वाला अज्ञात जैन ऑटो स्पेयर पार्ट्स की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। सिर पर व्हाइट कलर का गमछा बांधे यह अज्ञात व्यक्ति बेखौफ होकर पहले आसपास दुकानदारों से बात करके उन्हें विश्वास में लेता है और फिर बेखौफ होकर दुकान में घुस जाता है।

## युवक की मौत के मामले में अज्ञात चालक पर मुकदमा

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव खन्द्रावली 22 वर्षीय इसरार पुत्र ताहिर खेत पर मशीन लेकर गेहूं काटने के लिए गया था। बुधवार की शाम को युवक बाइक पर सवार होकर जसाला के निकट जा रहा था। परिजनों के अनुसार दिल्ली नेशनल हाईवे शामली की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने इसरार को अपनी चपेट में लेकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद वाहन सवार मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने पुलिस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉक्टर ने जांच के दौरान घायल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक के भाई इनाम ने पुलिस को अज्ञात चालक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# कुख्यात आतंकी परविंदर उर्फ पेंदा की कोर्ट में नही हुई पेशी

## पंजाब की बठिंडा जेल में बंद हैं पेंदा, कोर्ट ने पेशी के लिए नियत की 30 अप्रैल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कैराना।** पंजाब की उच्च सुरक्षा वाली नाभा जेल ब्रेक के मास्टरमाइंड कुख्यात आतंकी परविंदर उर्फ पेंदा की कोर्ट में पेशी नहीं हो सकी है। कोर्ट ने आरोपी की पेशी के लिए 30 अप्रैल की तिथि नियत की है। आरोपी की अवैध हथियारों के साथ कैराना में गिरफ्तारी के बाद स्थानीय अदालत में मामला विचाराधीन है। 27 नवंबर 2016 को पंजाब की नाभा जेल तोड़कर भाग रहे खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट के कुख्यात आतंकी परविंदर उर्फ पेंदा को कैराना पुलिस ने गिरफ्तार किया था, जिसके कब्जे से फॉर्च्यूनर कार व भारी मात्रा में आधुनिक हथियार बरामद हुए थे। मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए आतंकी को मुजफ्फरनगर जिला कारागार भेज दिया था। बाद में पेंदा को पंजाब में कई मुकदमें होने के कारण वहां की जेल में निरुद्ध कर दिया गया था। बताया गया है कि कुख्यात परविंदर उर्फ पेंदा वर्तमान में पंजाब की बठिंडा जेल में बंद हैं। गुरुवार को कुख्यात की स्थानीय सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट/एफटीसी में पेशी होनी थी। लेकिन, किन्ही कारणों से पेशी नहीं हो सकी। कोर्ट ने पेंदा की पेशी के लिए अगली तारीख 30 अप्रैल 2025 नियत की है। वहीं, आरोपी के अधिवक्ता एडवोकेट अनुज रावल ने बताया कि गुरुवार को उनके मुवक्किल परविंदर उर्फ पेंदा की पेशी होनी थी। कोर्ट ने अब पेशी के लिए 30 अप्रैल की तिथि नियत की है।

# कुछ कथित समाजसेवियों ने उकसाया था रेशमा को

## रेशमा पर किसी ने तेजाब नहीं डाला, बल्कि उसने खुद अपने ऊपर तेजाब डाला : भाई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कांधला** थाना क्षेत्र में हाल ही में हुए चर्चित तेजाब कांड ने एक नया मोड़ ले लिया है, जिसके बाद फर्जी मुकदमों के दुरुपयोग पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस मामले में रेशमा नाम की महिला, जो पहले मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में कई बार जेल जा चुकी है, ने कथित तौर पर खुद पर तेजाब डालकर मोहल्ला मौलानान के कई लोगों पर फर्जी आरोप लगाए थे। इस घटना ने क्षेत्र में खलबली मचा दी थी, लेकिन अब सामने आए तथ्यों ने मामले की सच्चाई को उजागर कर दिया है। रेशमा के सगे भाई ने एक वीडियो के जरिए खुलासा किया है कि उसकी बहन ने अपनी जान की परवाह न करते हुए यह गलत कदम उठाया। वायरल हो रहे इस वीडियो में उसने कहा, "रेशमा पर किसी ने तेजाब नहीं डाला, बल्कि उसने खुद अपने ऊपर तेजाब डाला। यह बहुत गलत किया, यह मामला बैठकर शांत हो सकता था।" इस बयान के बाद स्थानीय लोगों ने भी दावा किया कि यह पूरा मामला फर्जी है और रेशमा को मोहल्ले के कुछ कथित समाजसेवियों ने ऐसा करने के लिए उकसाया था।

**फर्जी मुकदमों पर गुस्सा**

इस घटना ने एक बार फिर फर्जी मुकदमों के दुरुपयोग की समस्या को सामने ला दिया है। लोगों का कहना है कि निर्दोष व्यक्तियों को झूठे मामलों में फंसाने की यह प्रवृत्ति न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल उठाती है, बल्कि आम नागरिकों के जीवन को भी प्रभावित करती है। इस मामले में आरोपित लोगों का कहना है कि रेशमा ने बदले की भावना या किसी के उकसावे में आकर उनके खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है।

### पुलिस की कार्रवाई पर नजर

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कांधला पुलिस अब इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। रेशमा के भाई के बयान और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर यह सवाल उठ रहा है कि क्या पुलिस इस फर्जी मामले में सख्त कार्रवाई करेगी। लोगों की मांग है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो और भविष्य में ऐसे फर्जी मुकदमों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। यह मामला अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। सोशल मीडिया पर लोग अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ का मानना है कि रेशमा ने यह कदम व्यक्तिगत लाभ या दबाव में उठाया, जबकि अन्य लोग इसे कानून के दुरुपयोग का उदाहरण मान रहे हैं। एक स्थानीय निवासी ने कहा, "ऐसे फर्जी मुकदमों से न केवल निर्दोष लोग परेशान होते हैं, बल्कि असली पीड़ितों के लिए भी न्याय पाना मुश्किल हो जाता है।" फिलहाल, सभी की निगाहें कांधला पुलिस की जांच पर टिकी हैं। लोगों की उम्मीद है कि इस मामले में सच सामने आएगा और फर्जी मुकदमा दर्ज करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। यह घटना एक बार फिर इस बात की ओर इशारा करती है कि कानून का दुरुपयोग रोकने के लिए समाज और प्रशासन दोनों को मिलकर काम करने की जरूरत है।

## इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह को कैराना कोतवाली का चार्ज



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कैराना।** एसपी शामली रामसेवक गौतम ने जनपद में कई थाना प्रभारियों एवं निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। उन्होंने कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत को थानाभवन थानाध्यक्ष नियुक्त किया है, जबकि थानाभवन थाने की कमान संभाल रहे इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह कसाना को शामली सिटी कोतवाली की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, सिटी कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री को एसओजी प्रभारी बनाया गया है, जबकि डीटीयू प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह को कैराना कोतवाली का नया प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बनाए गए इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र सिंह के लिए कैराना में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को बरकरार रखना चुनौती से कम नही है।

# भाजपा नेता ने प्रधानपति व उसके भाई पर लगाया जानलेवा हमले का आरोप



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कैराना।** भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री मुंशाद अली चौहान ने ग्राम प्रधानपति, उसके भाई व अन्य लोगो पर मारपीट, गाली-गलौच तथा जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव दभेड़ी खुर्द निवासी एवं भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री मुंशाद अली चौहान ने कोतवाली पुलिस को एक शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि गुरुवार दोपहर करीब दो बजे वह कस्बे के पालिका बारातघर में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से गांव वापिस जा रहा था। जैसे ही वह कस्बे के खुरगान बाईपास के निकट पहुंचा, तभी गांव के प्रधानपति, उसके भाई, एक अन्य तथा तीन अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया तथा गाली-गलौच व मारपीट करते हुए उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी तमंचों व पिस्टल से लैस थे। आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उस पर गोली चला दी, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। शोर-शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। वहीं, शिकायती-पत्र में बताया गया है कि आरोपी प्रधानपति के विरुद्ध दिल्ली, हरियाणा व उत्तर-प्रदेश के विभिन्न थानों में दो दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज है। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने वर्ष-2021 में गैंगस्टर एक्ट की धारा-2/3 के तहत कार्यवाही की थी, जिसके तहत प्रशासन ने आरोपी प्रधानपति की संपत्ति कुर्क कर ली थी। आरोपी ने कुर्क हुई कृषि भूमि पर फसल बो रखी थी, जिसे स्थानीय प्रशासन ने विगत 03 अप्रैल को मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर उसके द्वारा की गई शिकायत के बाद खुर्द-बुर्द करा दिया था। आरोप है कि प्रशासन की इसी कार्यवाही के चलते आरोपी प्रधानपति उससे रंजिश रखता है। उधर, पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## संक्षेप समाचार :

### गांव कण्डेला में संचारी रोगों से बचाव हेतु कराया छिड़काव



कैराना। ब्लॉक प्रशासन संचारी रोगों से बचाव हेतु गम्भीर नजर आ रहा है, जिसके चलते क्षेत्र के गांव कण्डेला में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज चौहान द्वारा जीवाणुरोधी छिड़काव कराया गया। इस दौरान स्प्रे टैंक से गांव की गलियों में घूम-घूमकर छिड़काव कराया गया। वहीं, ग्राम पंचायत सचिव राहुल पंवार ने बताया कि संचारी रोगों से बचाव के लिए गांव कण्डेला में छिड़काव कराया गया है। इस दौरान प्रभावशाली कीटनाशक का छिड़काव कराया गया है। संचारी रोगों से बचाव हेतु अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

### श्रम विभाग ने एक दिवसीय कैंप का किया आयोजन

कांधला ग्राम पंचायत गंगेरू में सहायक श्रम आयुक्त अचला पांडेय के निर्देश पर श्रम विभाग द्वारा ग्राम पंचायत सचिवालय गंगेरू में एक कैंप का आयोजन किया गया जिसमें श्रमिकों को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड यूपीबीओसिडब्ल्यू द्वारा संचालित विभिन्न हितकारी योजनाओं की विस्तृत से जानकारी दी गई सी एस सी जनसेवा केंद्र के माध्यम से श्रमिक पंजीयन एवं नवीनकरण कराए गए असंगठित कर्मकारों के लिए ई-श्रम कार्ड एवं प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना की जानकारी दी गई।

### भारतीय योग संस्थान का स्थापना दिवस मनाया गया

कैराना। गुरुवार को कस्बे की टीचर्स कॉलोनी में स्थित दानवीर कर्ण कॉन्वेंट स्कूल परिसर में भारतीय योग संस्थान का 59वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। वीरेंद्र सैनी, घनश्याम, मांगेराम, अमित सैनी, मनीष कंसल उर्फ विक्की, दीपक वर्मा व राहुल गर्ग ने संस्थान द्वारा अनुमोदित यौगिक क्रियाएं करवाई। संजय राजवंशी ने ध्यान क्रिया में ही भारतीय योग संस्थान पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। भारतीय योग संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय प्रकाशलाल व स्वर्गीय जवाहरलाल को याद करते हुए नमन किया गया।

### आपदा में करें अवसर की तलाश

कैराना। कस्बे के विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे रोवर्स-रेंजर्स शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ गुरुवार को प्राचार्य डॉ. योगेंद्र पाल के द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। रोवर्स प्रभारी डॉ. मुकेश एवं रेंजर्स प्रभारी डॉ. नीतू त्यागी के नेतृत्व मे चल रहे शिविर के बौद्धिक सत्र में प्रशिक्षण जिला संगठन आयुक्त गाइड गीता रानी ने गांठों एवं टेंट निर्माण कौशल का प्रशिक्षण दिया। महाराष्ट्र राज्य का पोस्टर सानिया, उत्तर प्रदेश का पोस्टर महवीश, उत्तराखंड का मुस्कान वैभव, पंजाब का महक, जम्मू-कश्मीर का हरप्रीत, असम का मीनू के द्वारा बनाया गया। पोस्टर मेकिंग मे बच्चों ने टिशु पेपर, कार्ड्स के साथ विभिन्न वस्तुओं का प्रयोग किया। शुक्रवार को छात्र-छात्राएं आपदा के समय पर प्राकृतिक वस्तुओं से टेंट का निर्माण एवं टोलिया भाईचारे की भावना के साथ फूड प्लाजा का प्रदर्शन करेंगे।

### न्यायालय ने दस मामलो में दस दोषियों को सजा सुनाई

कैराना : न्यायालय ने दस अलग अलग मामलों में दस आरोपियो को दोषी ठहराया। वही पंद्रह हजार छह सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। वर्ष 2010 में पवन पुत्र जयपाल सिंह निवासी खानपुर कला के खिलाफ थाना झिंझाना में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने जेल में बितायी गयी अवधि की सजा सुनाई। वर्ष 2007 में हरमेश कुमार पुत्र हजूरीराम निवासी नानूवाला थाना नालागढ़ जनपद सोलन हिमाचल प्रदेश के खिलाफ थाना झिंझाना में वाहन लापरवाही से चलाने के मामले में जेल में बितायी गई अवधि की सजा सुनाई। वर्ष 2009 में संजीव पुत्र विरमपाल निवासी कस्बा ऊन के खिलाफ थाना झिंझाना में जानबूझकर किसी को चोट पहुंचाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय नेजेल में बितायी गई अवधि की सजा सुनाई। वर्ष 2016 में सनव्वर पुत्र इकबाल निवासी निरपड़ा थाना दोघट जनपद बागपत के खिलाफ थाना शामली में रंगदारी के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने जेल में बितायी गई अवधि की सजा सुनाई। वर्ष 2006 में विकास पुत्र जयपाल निवासी मौहल्ला बड़ीमाता के खिलाफ चोरी व बरामदगी का मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने जेल में बितायी गई अवधि की सजा सुनाई। वर्ष 2012 में जवाहर सिंह पुत्र जिले सिंह निवासी राझड़ के खिलाफ थाना गढीपुख्ता में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने जेल में बितायी गई अवधि की सजा सुनाई। वर्ष 2015 में अलीजान पुत्र मुंशी निवासी गथीराम कालोनी के खिलाफ थाना झिंझाना में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने जेल में बितायी गई अवधि की सजा सुनाई। वर्ष 2012 में जवाहर सिंह पुत्र जिले सिंह निवासी राझड़ थाना गढीपुख्ता के खिलाफ थाना गढीपुख्ता में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने जेल में बितायी गई अवधि की सजा सुनाई। वर्ष 2011 में अरशद पुत्र बन्दा निवासी गढी अब्दुला थाना गढीपुख्ता के खिलाफ थाना झिंझाना में गौवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने जेल में बितायी गई अवधि की सजा सुनाई। वर्ष 2006 में गुलजार सिंह पुत्र सतनाम सिंह उर्फ सत्ता निवासी डेरा जैनपुर जनपद मुजफ्फरनगर के खिलाफ थाना झिंझाना में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। निर्धारित समय पर अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

# पानीपत मेयर कोमल सैनी का गर्म जोशी के साथ स्वागत

## भाजपा सभासद यशु सैनी के आवास पर पहुंची पानीपत की मेयर का स्वागत



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कांधला** नगर की टीचर कॉलोनी में भाजपा की पानीपत मेयर का भाजपा सभासद सहित सैकड़ो लोगों ने फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया इस दौरान भाजपा मेयर ने भारतीय जनता पार्टी का गुणगान किया। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। बृहस्पतिवार को कस्बे की टीचर कॉलोनी स्थित भाजपा सभासद यशु सैनी के आवास पर पानीपत की नगर निगम की मेयर कोमल सैनी पहुंची। इस दौरान पानीपत मेयर कोमल सैनी का सैकड़ो लोगों ने फूल माला के साथ भाव्या स्वागत किया। इस दौरान पानीपत मेंयर कोमल सैनी ने सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सबका साथ, सबका विकास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा गुंडाराज खत्म किया गया है,व्यापारियों को सुरक्षा दी गई है, महिलाओं के लिए अनेक योजना निकालकर उन्हें सुरक्षा प्रदान की जा रही है। कांग्रेस पार्टी एवं उसकी सहयोगी पार्टी केवल वोट लेने का कार्य करती है भारतीय जनता पार्टी वोट लेकर देश विकास की प्रगति पर है। मोदी सरकार ने वक्फ की संपत्ति पर हो रहे अवैध कब्जों को लेकर संसद में जो कानून पास किया है वह एक सराहनीय कदम है। कानून पास होने से उन लोगों को दिक्कत हो रही है जो लोग वर्षों से जमीन के मालिक बने हुए हैं।इस दौरान भाजपा सभासद यशु सैनी ने कहा कि हरियाणा के पानीपत में मेयर का चुनाव हुआ था जिसमें कोमल सैनी ने लगभग एक लाख 24 हजार वोटो के अंतर से जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया था। इस दौरान भाजपा सभासद के कार्यालय पर सैनी समाज सहित सभी वर्ग के सैकड़ो लोगों ने प्रथम आगमन पर फूलों का गुलदस्ता बैठकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विक्रम सैनी,प्रमोद सैनी, प्रवीण काकरान,साजिद जंग, सभासद नासिर बेग,वकील अहमद, हारून राणा,मंगल सैनी,माँगा सैनी, भोपाल सैनी,शाद शेफी,विकास शर्मा, मिंटू, रज्जाराम,सचिन,सभासद पत्नी रेशु सैनी,सविता सैनी,पूजा, आरती, शिवाकाशी आदि लोग मौजूद रहे।

**कोमल सैनी यीशु सैनी की रिश्तो में लगती है बहन**

कांधला। भाजपा सभासद यशु सैनी के द्वारा बताया गया कि पानीपत मेयर कोमल सैनी रिश्ते में उसकी बहन लगती है, पानीपत मेंयर काफी दिनों से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी हुई है, पूर्व में वह भाजपा की महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रह चुकी है। उनकी सादगी और जनहित में किए गए कार्यों को लेकर जनता ने उन्हें पानीपत मेयर बनाया है।

# होटल मैनेजमेंट का कोर्स करने के नाम पर युवक से 5 लाख रुपये की धनराशि ठगी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कांधला** सिंगापुर में होटल मैनेजमेंट का कोर्स करने के नाम पर पीड़ित युवक से 5 लाख रुपये की धन राशि ठग ने के मामले में एसपी शामली ने स्थानीय पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए। जिसके चलते पुलिस ने आरोपी अभियुक्तों के विरुद्ध मामला पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। मौहल्ला रायजादगान निवासी प्रिंस पुत्र देवीदास ने एसपी शामली को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि छोटू बहन कस्बे के एक कोचिंग सेंटर पर एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रही है। जिसे पीड़ित युवक प्रतिदिन छोड़ने और लेने जाता है। पीड़ित के मुताबिक शिवम पुत्र संजीव निवासी ग्राम ककडीपुर थाना बागपत भी उक्त कोचिंग सेन्टर में कोचिंग कार्य करता था। कोचिंग सेन्टर पर ही पीड़ित की मुलाकात अभियुक्त शिवम से हुई थी।। शिवम ने पीड़ित को अपने जाल में फसांते हुये अमेरिकन सेन्टर फर ऐजुकेशन सिंगापुर में 5 लाख रुपए के खर्च पर डिप्लोमा ईन हस्पिटलेटि मेनेजमेंट का कोर्स कराने का झांसा दिया। आरोप है कि पीड़ित युवक ने परिजनों से मामले में सिंगापुर जाकर पढ़ाई करने की बात रखी। इसके पश्चात परिजनों ने जैसे तैसे कर 5 लाख रुपए की रकम का इंतजाम किया। पीड़ित युवक का आरोप है कि उक्त रकम को कई हिस्सों में शिवम ने अपने खाते के साथ अन्य 5 लोगो के खाते में जमा करवा दिया। इस प्रकार लगभग 5 लाख रुपए लेने के बाद अभियुक्त शिवम ने एडमिशन होने की बात कहते हुये सम्पूर्ण दस्तावेज जैसे वीजा, एडमिशन स्लिप, व अन्य दस्तावेज देकर सिंगापुर भेज दिया। सिंगापुर एयरपोर्ट पर पहुंचने पर एयरपोर्ट अधिकारियों ने पीड़ित युवक की दस्तावेजों की जांच की। जो जांच के दौरान फर्जी पाए गए। सिंगापुर एयरपोर्ट अधिकारियो द्वारा पीड़ित को वापिस भारत भेज दिया। जब युवक उक्त लोगो से अपनी रकम वापिस करने की मांग की तो उक्त लोगो ने मारपीट कर मोके से भगा दिया पुलिस ने शिवम ककड़ीपुर, गगन, मनीष, संजीव, आकाश, रवि के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# वाह रे चौसाना पुलिस! युवक को पीट-पीटकर किया लहूलुहान

## वीडियो वायरल, फिर भी पुलिस 'मूकदर्शक' चौकी प्रभारी का दावा : मामले की नहीं कोई जानकारी



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नाइनगला जाटान गांव में होली से एक दिन पहले हुई एक अमानवीय घटना ने कानून व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। एक युवक की सरेआम बेरहमी से पिटाई की गई, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि एक युवक कैसे दूसरे को बुरी तरह पीट रहा है, लेकिन हैरानी की बात ये है कि अब तक चौसाना पुलिस की नींद नहीं खुली। इस दिल दहला देने वाले वीडियो के वायरल होने के बावजूद भी चौसाना पुलिस की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई न होना बेहद चिंताजनक है। पीड़ित युवक प्रविन्दर आज भी न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है। न गांव की पंचायत ने कुछ किया, न चौसाना पुलिस ने। पीड़ित की हालत और भावनात्मक स्थिति किसी से छुपी नहीं, लेकिन प्रशासनिक मशीनरी को जैसे कोई फर्क ही नहीं पड़ता। पीड़ित युवक प्रविन्दर का कहना है कि आरोपी उसे लगातार धमका रहा है। उसका साफ कहना है, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। ऐसे बयान न केवल कानून की खिल्ली उड़ाते हैं, बल्कि चौसाना पुलिस की नाकामी को भी उजागर करते हैं। आरोपी खुलेआम गांव में घूम रहा है और पीड़ित को डराने-धमकाने में जुटा है। इससे प्रविन्दर और उसका परिवार पूरी तरह दहशत में है। वहीं चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि पुलिस को मामले की जानकारी है और आरोपी के घर पर कई बार दबिश दी गई, लेकिन वह हर बार फरार मिला। जब भी आरोपी मिलेगा, कार्रवाई की जाएगी, चौकी प्रभारी का यह बयान अब गांव वालों के लिए महज एक रटी-रटाई लाइन बन गया है। पूरा गांव इस घटना से आक्रोशित है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर वीडियो जैसे साक्ष्य के बावजूद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकती, तो फिर आम आदमी किससे उम्मीद रखे? यह मामला न सिर्फ पीड़ित प्रविन्दर का है, बल्कि उन तमाम लोगों का है जो आज भी कानून से न्याय की आस में जी रहे हैं। चौसाना पुलिस की निष्क्रियता अब लोगों की जुबान पर है अगर वीडियो, गवाह और धमकी के बावजूद आरोपी गिरफ्त से बाहर है, तो फिर अपराधियों के हौसले क्यों न बुलंद हों? देखना यह है कि चौसाना पुलिस जागती है या फिर एक और मामला फाइलों में दफन हो जाएगा।

**इनका कहना...**

पुलिस को मामले की जानकारी है और आरोपी के घर पर कई बार दबिश दी गई, लेकिन वह हर बार फरार मिला। जब भी आरोपी मिलेगा, कार्रवाई की जाएगी।

**-ज्ञानेंद्र सिंह,** चौकी प्रभारी

# विवाहिता की संदिग्ध मौत



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कांधला** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने पति सहित ससुराल के लोगों पर दहेज की मांग पूरी नहीं न होने पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में 28 वर्षीय विवाहिता की रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी सद्दाम की शादी कई वर्ष पूर्व दिल्ली के बावना निवासी अकमल की पुत्री नुसरत के साथ हुई थी। मृतक विवाहिता के पिता अकमल ने बताया की शादी के बाद से ही उसकी पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। कई बार सामाजिक पंचायत होने के बावजूद मामला सुलझाने का प्रयास किया गया। आरोप है कि पति सहित ससुराल पक्ष के लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आए और उसकी पुत्री को प्रताड़ित करते थे। रात्रि आरोपियों ने उसकी पुत्री के साथ मारपीट करते हुए दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी हत्या कर दी। मृतक महिला के परिजनों ने गांव में हंगामा करते हुए आरोपी ससुरालियों पर कार्रवाई की मांग की है। विवाहिता की मौत की खबर सुनते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने परिजनों से वार्ता की और महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पीएम के लिए भेज दिया है। पीड़ित पिता ने पति सहित कई लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

**धोखाधड़ी के आरोपियों पर गैंगस्टर लगाने की मांग**-कैराना। कस्बे के मोहल्ला कलालान निवासी अकबर अब्बास जैदी ने डीआईजी सहारनपुर को एक प्रार्थना-पत्र भेजा है। बताया कि कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा व खैलकलां निवासी चार लोगों के खिलाफ कोतवाली कैराना पर धोखाधड़ी, गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी देने समेत चार अलग-अलग मुकदमें दर्ज है। उक्त आरोपियों के खिलाफ जिलाधिकारी के अनुमोदन के पश्चात कोतवाली पुलिस ने गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही कर रखी है।

**आवश्यकता है**

दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें

**आदिल राणा**

जिला प्रभारी शामली

91-9082190000,

91-9997173786

### पंचायती राज और कृषि विभाग की निदेशक रही आईआरएस

# अधिकारी निशा उरांव को राज्य सरकार ने किया रिलीव

**एनपीटी ब्यूरो**

रांची, आईआरएस अधिकारी निशा उरांव की सेवा उनके मूल विभाग को लौटा दी गयी है। राज्य सरकार ने उन्हें रिलीव कर दिया है। झारखण्ड सरकार में पंचायती राज और कृषि विभाग की निदेशक रही निशा उरांव अब अपने मूल विभाग में सेवा देंगी। भारतीय राजस्व सेवा की अधिकारी निशा अब अपने मूल विभाग केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार में योगदान करेंगी। उन्होंने अपने सामाजिक मीडिया पोस्ट के माध्यम से इस परिवर्तन को एक नये जीवन अध्याय की शुरूआत बताया। झारखण्ड सरकार में पंचायती राज और कृषि विभाग की निदेशक पद पर कार्यरत रही भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) की अधिकारी निशा उरांव को 9 अप्रैल 2025 को विरमित कर दिया गया है। झारखण्ड राज्य कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा बुधवार को इसके सम्बन्ध में अधिसूचना जारी की गई। इसके तहत उन्हें उनके मूल विभाग केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, राजस्व



विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में योगदान के लिए निर्देशित किया गया है। जानकारी के मुताबिक निशा उरांव वर्ष 2020 से झारखण्ड सरकार में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत थी। वे 31 अगस्त 2020 से लेकर 9 अप्रैल 2025 तक, लगभग पांच वर्षों तक राज्य सरकार की सेवा में रही। इस दौरान उन्होंने पंचायती राज निदेशक और बाद में कृषि निदेशक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। अपनी विदाई के अवसर पर निशा उरांव ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक भावुक संदेश साझा करते हुए झारखण्ड सरकार और राज्य की जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने लिखा है कि आज झारखण्ड सरकार से विरमित होकर वापस जा रही हूं। मैंने बतौर पंचायती राज निदेशक और कृषि निदेशक राज्य की जनता की सेवा की। इस दौरान मुझे अफसरों, कर्मियों और समाज से असीम स्नेह मिला, जिसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। उन्होंने आगे लिखा कि, खासकर पंचायती विभाग के अनुभव ने मेरे जीवन को एक नई दिशा और एक नया लक्ष्य दिया है। यह अनुभव मेरे लिए जीवन बदलने वाला रहा है। मैं प्रण लेती हूं कि आगे भी पूरी निष्ठा से जनसेवा करती रहूंगी। समाज को उसके मूल अधिकार और सेवाएं देने हेतु सदा समर्पित रहूंगी। निशा उरांव ने पोस्ट में लिखा है कि- ईश्वर ने लक्ष्य दिया है, ईश्वर ही आगे का रास्ता दिखाएंगे। जय मां भारती, जय सरना।

## अवैध कोयला चोरी के विरुद्ध पुलिस ने की छापेमारी, 13 मोटरसाईकिल समेत 38 साइकिल किया जब्त, कारवाई जारी

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), जिले में अवैध खनन/ उत्खनन, अवैध खनिज परिवहन/भंडारण व अवैध कोयला तस्करी पर पूर्णतः प्रतिबंध/ अंकुश लगाने के ध्यानार्थ जिला प्रशासन एक्टिव है के बावजूद भी अवैध कोयला तस्करी/ अवैध खनिज परिवहन की गतिविधियां समय- समय पर अखबारों के पन्नों में सुर्खियां बटोरी होती है। जिसका मूल्यांकन छापेमारी के दौरान अवैध खनिज परिवहन करते हुए प्रशासन का हाथों पकड़ में आने की वास्तविकता पर अंदाजा लगाया जा सकता है। समय-समय पर अवैध कोयला तस्करी के विरुद्ध पुलिस द्वारा सघन जांच अभियान भी चलाया जाता रहा है। और कोयला से लदा हुआ साइकिल/ मोटरसाइकिल/ वाहन की जब्ती भी जगजाहिर है। अधिकतर अवधि में अवैध खनिज परिवहन से जुड़े लोग पुलिस को देख मौके का फायदा उठाते हुए भागने में सफल तो हुआ करता है। मगर कभी - कभी कोयला तस्करी या फिर अवैध खनिज परिवहन करते हुए रंगे हाथ पकड़ाया भी जाना जगजाहिर है। लोग जानते हुए भी गैर कानूनी तरीके से अवैध खनिज परिवहन की गतिविधियों में संलिप्त आखिर होता है क्यों? कि प्रशनात्तर



का ध्यान आकर्षित रोजगार की अवसर सामान्य तौर पर क्षेत्र में उपलब्ध न होने की इश्यू को दर्शार्ता हुआ महसूस की जा रही है। चंद फायदे के लिए सलाखों के पीछे धकेलने वाली अवैध खनिज परिवहन की गतिविधियों में संलिप्त लोग अन्ततः अपने परिजनों को तकलीफ दे जाते हैं। क्योंकि अवैध खनिज परिवहन करते पकड़े जाने के पश्चात नियमानुसार पुलिस उन्हें सलाखों के पीछे कैद करवाने में मजबूर भी होते हैं। आखिर ऐसी क्या वजह रही होगी जो अवैध गतिविधियों से जुड़े लोगों में भय का माहौल संचार नहीं हुआ करता है या फिर जानबूझकर कर अल्प समयान्तरल के दरमियान धनकुबेर बनने की चाहत में अवैध खनिज परिवहन की गतिविधियों में उन्हें मुब्तिला होने की दावत दे रही है। बाहरेहाल जो भी हो अवैध खनिज/ परिवहन उत्खनन व भंडारा पर अंकुश लगाने में प्रशासन मुस्तैद है।

नतीजतन 9 अप्रैल 2025 के रात्रि में अवैध कोयला तस्करी/ चोरी के विरुद्ध पाकुड़ जिले के नगर थाना, पाकुड़ मुफस्सिल/ मालपहाड़ी ओपी/ हिरणपुर/ महेशपुर थाना क्षेत्र में पुलिस के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 13 मोटरसाईकिल समेत 38 साइकिल भी जब्त किया। समाचार लिखे जाने तक छापेमारी के दौरान मोटरसाइकिल/ साइकिल छोड़ भागे संलिप्त व्यक्तियों को बेनकाब करने की ध्यानार्थ पुलिस के द्वारा अग्रेत्तर कारवाई की जा रही थी।

## धनबाद के बरवाअड्डा में ग्रामीणों का आक्रोश, अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ ग्रामीणों ने जताया विरोध, डिपो समेत वाहनों में की तोड़फोड़, जांच में जुटी पुलिस

**एनपीटी ब्यूरो**

धनबाद (झा०खं०), धनबाद जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अन्तर्गत कसियाटांड में कोयला तस्करी के खिलाफ ग्रामीणों ने अब अपनी आवाज बुलंद कर दी है। क्षेत्र में लंबे समय से अवैध कोयला कारोबार चलने की जानकारी से आक्रोशित ग्रामीणों ने आज कोयला डिपो और वहां से कोयला लोड कर निकल रही ट्रकों पर हमला बोल दिया। इस दौरान डिपो में रखे समान मोटरसाइकिल में भी तोड़फोड़ कर दिया। वही ग्रामीणों का कहना है कि करीब एक वर्ष से यहां अवैध कोयला का कारोबार पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत से चल रहा था। कई बार इस अवैध व्यापार के खिलाफ शिकायतें की गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण कर सैकड़ों पेड़ों को काटा गया और बड़े पैमाने पर कोयला डिपो संचालित



किया जा रहा था। तोड़फोड़ की सूचना मिलने पर बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। और ग्रामणी को समझने का प्रयास किया। वही पुलिस ने कोयला लदे ट्रक को जब्त कर लिया है और डिपो की जांच शुरू कर दी है। कुछ पर्चियां भी बरामद की गई हैं, जिनमें कोयला खरीद के लेन-देन की जानकारी है। हालांकि, पुलिस इससे इनकार कर रही है। इधर स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस और प्रशासन के उदासीन रवैये के कारण ही इस अवैध कारोबार को बढ़ावा मिला। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि बड़े-बड़े ट्रकों के गांव में लगातार आवागमन से स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसके अलावे, अवैध कारोबार के कारण पर्यावरण को भी भारी नुकसान हो रहा था। ग्रामीणों ने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और इस क्षेत्र में अवैध कोयला तस्करी को पूरी तरह बंद किया जाए। बहरहाल जो भी हो, यह घटना प्रशासन और पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

ग्रामीणों का आक्रोश इस बात का संकेत है कि अगर समय पर कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या ठोस कदम उठाता है और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बहाल करता है।

## पुलिस ने चोरी की वृतांत का किया उद्भेदन, गिरफ्तार कर भेजा जेल

**एनपीटी ब्यूरो**



पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के शहरकोल में हुई चोरी का उद्वेदन पुलिस के द्वारा कर ली गई है। पुलिस ने चोरी की घटना का उद्वेदन करते हुए चोरी में संकलित एक चोर को भी धर दबोचा। वही चोरी की वृतांत में संलिप्त अन्य आरोपी फरार बताये जा रहे हैं। वही थाना प्रभारी प्रयाग के द्वारा मीडिया को जानकारी साझा की गयी के मुताबिक आनंद मोहन साहा (पिता- राम लोचन साहा, सा० शहरकोल, थाना- नगर, जिला- पाकुड़) के घर में हुए चोरी मामले में उदभेदन कर पाकुड़, नगर थाना काण्ड संख्या- 76/25 में अभियुक्त- चांद शेख (उम्र करीब 23 वर्ष, पिता लालू शेख, सा० जंगली पिरतल्ला, थाना- मुफ्फसिल, जिला- पाकुड़) को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय, पाकुड़ में अग्रसारित किया गया। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल चांद शेख के पास से चांदी का सिकड़ी एवं रुपए इत्यादि बरामद किया गया है। थाना प्रभारी प्रयाग राज के मुताबिक गिरफ्तार चांद शेख ने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि उसके सहयोगी जो गिरफ़्तारी के डर से फरार है, उसके साथ मिलकर कई घटनाओं को अंजाम दिया है।

# राज्यकर्मियों ने मांगों के समर्थन में निकाली ध्यानाकर्षण रैली

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गोड्डा : झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड इंप्लाइज फेडरेशन (झारोटेफ) के बैनर तले जिले के बसंतराय, पथरगामा, बोआरीजोर और सुन्दरपहारी प्रखंड में 11 सूत्री मांगों को लेकर ध्यानाकर्षण रैली निकाली गई। सुन्दर पहाड़ी प्रखंड में झारोटेफ जिला अध्यक्ष सुमन कुमार और प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार नेतृत्व में रैली का आगाज हुआ तो पथरगामा प्रखंड में जिला सचिव सुभाष चंद्र ने रैली की बागडोर संयुक्त सचिव आशुतोष पांडे तथा प्रखंड अध्यक्ष नचिकेता कुमार



के साथ मिलकर निभाई। बसंतराय प्रखंड में जिला कार्यकारिणी की सदस्या जाहिदा खातून और प्रखंड अध्यक्ष सुभाष रविदास ने रैली की कमान अपनी हाथों में सम्हाल रखी थी। बोआरीजोर में झारोटेफ के प्रखंड अध्यक्ष निर्मल कुमार भगत के कुशल नेतृत्व में रैली का सफल आयोजन हुआ।जिला सचिव सुभाष चंद्र ने जानकारी दी कि सभी प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा राज्य के मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव के नाम से ज्ञापन सौंपा गया है।

## जनसेवक समागम 12 अप्रैल को रांची में, गोड्डा से शामिल होंगे 89 जनसेवक



गोड्डा : झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ द्वारा आगामी 12 अप्रैल को लालगुटुआ बैंक्वेट हॉल, कटहल मोड़,रांची में जनसेवक समागम कार्यक्रम 2025 आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग शिल्पी नेहा तिर्की बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। दरअसल, इस समागम कार्यक्रम के माध्यम से माननीय मंत्री राज्य के सभी जनसेवकों से रूबरू होकर उनके समस्याओं और मांगों के संबंध में सीधा संवाद करेंगी। उक्त जानकारी झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ जिला ईकाई गोड्डा के मीडिया प्रभारी विनोद मेहरा ने दी। गोड्डा जिला सचिव राजीव साह ने कहा कि उक्त कार्यक्रम को लेकर जनसेवक संवर्ग में काफी उत्साह है। गोड्डा जिले से 89 जनसेवक उक्त कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष नंदलाल पंडित ने कहा कि पिछले कई वर्षों से जनसेवक संघ विभिन्न मांगों को लेकर लगातार आंदोलनरत हैं।संघ के द्वारा जनसेवक संवर्ग की वरीयता सूची प्रकाशन, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी परिवर्तन, पदनाम परिवर्तन, नियमित अंतराल में प्रोन्नति, गैर कृषि कार्य से मुक्ति, कृषि संबंधी कार्य में उचित सहभागिता इत्यादि विभिन्न मांगों को लेकर विभाग से पत्राचार करता रहा है। वहीं मंत्री के द्वारा उपरोक्त सभी मांगों पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।

# पत्रकारिता सेवा रत्न अवार्ड से सम्मानित हुए पत्रकार शशि भगत



गोड्डा। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के स्वर्ण जयंती वर्ष पर आयोजित संगोष्ठी सह सम्मान समारोह कार्यक्रम के मौके पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित एक भव्य समारोह में पत्रकारिता सेवा रत्न अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन गोड्डा जिला मुख्यालय स्थित ए बी जे होटल में किया गया।

मौके पर ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ के महासचिव नितेश कुमार मिश्रा ने पत्रकार शशि कुमार भगत को सम्मान सौंपा। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि गोड्डा अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव सहित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

पत्रकारिता सम्मान पाकर पत्रकारों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक जिम्मेदार तथा ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा देगा।

50वें वर्षगांठ को लेकर आयोजित समारोह का माहौल बेहद गरिमामयी रहा।

# मंत्री दीपिका सिंह पांडे ने सड़क पर बने गड्ढे को भरने का दिया आदेश

महागामा : झारखंड - बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र हनवारा सन्हौला मुख्य मार्ग हनवारा हटिया चौक के आगे मुख्य सड़क पर नाली का गंदा पानी जमा रहने से बड़े-बड़े तलाब नुमा गड्ढे व कीचड़ हो जाने से ग्रामीण व राहगीर गंदे पानी पर चलने को मजबूर हो रहे थे राहगीर जान को हथेली पर रखकर सफर कर रहे थे हनवारा-नाला मुख्य सड़क की बदहाली और बीच सड़क पर गड्ढों में जमा गंदे नाले के पानी की समस्या को नेशनल प्रेस टाईम्स के द्वारा प्रमुखता से खबर उजागर करने के कुछ ही दिनों बाद प्रशासन ने इसपर गंभीरता दिखाई। मामला संज्ञान में आते ही झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए, जिससे सड़क की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि लंबे समय से वे गड्ढों और गंदे पानी की वजह से परेशान थे। नाले का पानी सड़क पर जमा होकर न सिर्फ दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा था, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बना हुआ था। नेशनल प्रेस



टाईम्स की खबर छपने के बाद ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने स्वयं संज्ञान लिया और संबंधित विभाग को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। वर्तमान में सड़क की मरम्मत हो रही है और गड्ढों को भर दिया गया है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को बड़ी राहत मिली है। स्थानीय ग्रामीण व राहगीर नेशनल प्रेस टाईम्स और सरकार दोनों का आभार जता रहे हैं।

स्थानीय लोगो ने कहा कि ₹अब लग रहा है कि हमारी आवाज सुनी गई। नेशनल प्रेस टाईम्स ने जो मुद्दा उठाया, उस पर सरकार ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। हम इसके लिए धन्यवाद करते हैं।

सड़क की मरम्मत के साथ ही नाले के पानी की निकासी की भी योजना पर काम चल रहा है, ताकि भविष्य में ऐसी समस्या फिर न हो। लोगों ने इंडियन नेशनल प्रेस टाईम्स टीम को आभार व्यक्त किया है ग्रामीणों ने कहा की यह इंडियन पंच खबर का असर है जो आज झारखंड सरकार में शामिल ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडे ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग को आदेश दिया और गड्ढे को भरने का काम किया इस कार्य को लेकर लोगों में एक अलग ही खुशी देखने को मिल रही है।

# कजरेल में चैती दुर्गा पूजा के मौके पर लगे आदिवासी मेले में लोगों की उमड़ी भीड़

गंगटी/गोड्डाः अनुमंडल अंतर्गत ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के प्रचलित गांव में विगत 50 वर्षों की तरह इस वर्ष भी चैती दुर्गा पूजा के 11वीं तिथि के अवसर पर मंगलवार को आदिवासी मेला के नाम से प्रचलित अपार भीड़ वाला मेला लगा। वहीं मेले में ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के चांदा पंचायत के बुद्धासन आदि कई गावों के साथ-साथ पड़ोसी जिले साहिबगंज के दर्जनों गांव के आदिवासी भाई-बहन कलाकार अपनी वेशभूषा, वादक यंत्र, बाजा, समियाना लेकर कजरेल दुर्गा मंदिर परिसर पहुंचे और सिद्धू कान्हु, लंगड़े नृत्य, रामलीला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव के साथ-



साथ मेहरमा, बोआरीजोर, महगामा और पड़ोसी जिले साहिबगंज के बोरियो आदि प्रखंड क्षेत्र और पड़ोसी राज्य बिहार के भागलपुर जिले के पीरपैंती, कहलगांव आदि प्रखंडों के सैकड़ो गांव के करीब तीस हजार श्रद्धालुओं ने इस वार्षिक मेले का लुक उठाया।चैती दुर्गा पूजा समिति ट्रस्ट के सदस्य सह जिला परिषद सदस्य पूर्व चेयरमैन निरंजन कुमार पोद्दार, बिहार राज्य के प्रचलित चिकित्सक भागलपुर निवासी डॉक्टर राकेश कुमार, अध्यक्ष पारसनाथ चौधरी, उपाध्यक्ष विनोद शाह, सचिव निरंजन पासवान, उप सचिव अर्जुन यादव, कोषाध्यक्ष घनश्याम पोद्दार, उप कोषाध्यक्ष प्यारेलाल रजक, आमंत्रित सदस्य फूलचंद कुमार, सदस्य शशिकांत भारती, दशरथ ठाकुर, विवेक पासवान, राहुल पोद्दार, मिथुन ठाकुर, शिवम पासवान, वीरेंद्र ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, पूर्व पुजारी गुलाबी पोद्दार, रोशन पोद्दार, सौरभ पोद्दार, अभिरंजन कुमार, दीपन पोद्दार, निकलेश कुमार, हरि पोद्दार, प्रियरंजन कुमार, दिलराज, गिरिराज, मनोज पोद्दार, मुकेश चंद्र निराला, जगन्नाथ पासवान, राजेंद्र श्रीवास्तव, देवराज टेंट के प्रदीप जायसवाल सहित संपूर्ण ग्रामीणों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# डिपो प्रभारी से झगड़े के बाद भाजपा पार्षद की ताबड़तोड़ फायरिंग, एक घायल, निगम के सभी कर्मचारी हड़ताल पर

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मेरठ। नगर निगम के सूरजकुंड डिपो के प्रभरी से बहस के बाद भाजपा पार्षद द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर की गई ताबड़तोड़ फायरिंग में कूड़ा गाड़ी के चालक के घायल होने के बाद गुस्साए कर्मचारियों ने भाजपा पार्षद की जमकर पिटाई की। हंगामा की बाद पहुंची पुलिस में कूड़ा गाड़ी के चालक एवं लहूलुहान भाजपा पार्षद को अस्पताल में भर्ती कराया है। इस घटना के बाद गुस्सा एक कर्मचारी ने भाजपा की पार्षदों पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। कर्मचारियों की मांग है कि जब तक भाजपा पार्षद के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। बताया जा रहा है कि वार्ड 18 सरायकाजी से पार्षद रविंद्र का आज दोपहर सुरजकुंड प्रभारी से किसी बात को लेकर वाद



विवाद हो गया। जिस पर पार्षद ने उसे भुगत लेने की धमकी दी और अपने साथियों को बुलाकर फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में एक गोली कूड़ा गाड़ी चालक अविनाश के पैर में लगी। इसके बाद गुस्साई कर्मचारियों ने एकजुट होकर भाजपा पार्षद को घेर लिया और उसकी जमकर पिटाई की। भाजपा का पार्षद पहले विवादों के घेरे में रहा है। ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर के नजदीकी इस पार्षद पर पहले भी एक महिला कार्यकर्ता के साथ अश्लील हरकत करने और रंगदारी के विवाद में नाम आ चुका है। सफाई कर्मचारी संघ ने इस घटना के बाद भाजपा के सभी पार्षदों पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए हड़ताल का ऐलान कर दिया है। पहले से ही हंगामे की आशंका के बीच होने जा रही नगर निगम बोर्ड की कल प्रस्तावित बैठक भी हंगामेदार होने की आशंका जताई जा रही थी। इसलिए महापौर के आदेश पर कल होने वाली नगर निगम बोर्ड की बैठक को स्थगित कर दिया गया है।

# भाजपा सरकार के 8 साल प्रदेश के सर्वांगीण विकास और सुशासन की मिसाल-नरेन्द्र कश्यप

## उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष बेमिसालः भाजपा ने घर घर संपर्क अभियान से जन जन तक पहुंचाया विकास का संदेश

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



गाज़ियाबाद। भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश सरकार के सफल 8 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर मालीवाड़ा क्षेत्र में एक विशेष घर घर संपर्क एवं पत्रक वितरण हेतु गांव चलो वार्ड चलो अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर 8 साल बेमिसालके पत्रक राजनगर मंडल के वार्ड 8 पार्षद मिथलेश राजेन्द्र तितौरिया की अगुआई में वितरित किए।

इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों को सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों से अवगत कराया।

कार्यक्रम के दौरान राजनगर मंडल में मालीवाड़ा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपाइयों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया गया। इसके साथ ही नरेंद्र कश्यप एवं मयंक गोयल ने बूथ समिति एवं वार्ड समिति के पदाधिकारियों से संवाद कर संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की और आने वाले आयामों के लिए कार्ययोजना पर विचार-विमर्श भी किया।

राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा, भाजपा सरकार के 8 साल प्रदेश के सर्वांगीण विकास और सुशासन की मिसाल हैं। हम हर घर तक विकास की गूंज पहुँचाना चाहते हैं।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भी कहा, पार्टी कार्यकर्ता हमारी ताकत हैं। वार्ड स्तर तक संगठन को सक्रिय करना हमारा लक्ष्य है, जिससे हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।

इस अभियान में भाजपा महानगर पदाधिकारी बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, प्रदीप चौधरी , जय कमल अग्रवाल सहित मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, अमित रंजन, विनीत शर्मा, विक्रम सैनी, यतिन मित्तल, अनुज राघव, राजेश्वर यादव, संजय कौशिक मनीष मित्तल, रवि पांडे, योगेश शर्मा, मनोज कुमार आदि कार्यकर्ता, और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सुंदर दीप वर्ल्ड स्कूल में योग का आयोजन



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

**गाज़ियाबाद।** सुंदर दीप वर्ल्ड स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर योग के माध्यम से स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत में, योग प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह मानसिक शांति और तनाव को कम करने में भी मदद करता है।

इसके बाद, विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के योगासन कराए गए, जिनमें ध्यान, गोमुखासन, मंडूकासन, ताड़ासन आदि शामिल थे। विद्यार्थियों ने इन आसनों को बड़े उत्साह और लगन से किया।

कार्यक्रम के अंत में, स्कूल की प्रिंसिपल श्री मती सपना अहलावत जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से, सुंदर दीप वर्ल्ड स्कूल ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन शैली के महत्व के बारे में जागरूक किया।

# चौथे दिन भी व्यापारियों का धरना प्रदर्शन और पूरे बाजार में मार्च निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

**गाज़ियाबाद।** संजय नगर सेक्टर 23 में शराब के ठेके के विरोध में चौथे दिन भी व्यापारियों का धरना प्रदर्शन और पूरे बाजार में मार्च निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया सभी व्यापारी भाइयों ने एकजुट होकर कहा कि किसी भी हालत में यहां पर हम शराब का ठेका नहीं खुलने देंगे 50 मीटर से भी कम दूरी पर प्राचीन शिव मंदिर चार-चार अस्पताल सुनार की दुकान रोजाना हजारों महिलाओं का आवागमन का होना यह सब जानकारी संजय नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन गोयल और महामंत्री हरीश शर्मा ने दी लोगों में शराब का ठेका खोलने काफी रोष का माहौल है पिछले 4 दिन से लगातार धरना प्रदर्शन विरोध



प्रदर्शन जारी है और तो आज 38 डिग्री तापमान में भी सभी व्यापारी भाइयों ने अपनी दुकानों को बंद रखकर सड़क पर मार्च निकाल कर अपना विरोध दर्ज कराया है इस मौके पर संजय नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन गोयल महामंत्री हरीश शर्मा कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग,पूर्व कोषाध्यक्ष ठाकुर बबलू सिंह, वार्ड 71 पार्षद उमेश पप्पू नगर ,वार्ड 67 पार्षद अजय शर्मा, उपाध्यक्ष सतपाल सिंह सिसोदिया ,सेवाराम त्यागी , विजय कुमार बेदी जी ,रमेश शर्मा जी, गौरव वर्मा ,विशाल गुप्ता, विपिन हिंदू, पंकज वर्मा सागर ज्वेलर्स, रमाकांत वर्मा, सचिन गर्ग ,अशोक जी, राजेश्वर यादव ,भूषण शर्मा ,मिलन स्वीट, वाले निशा शूज वाले अनिल बालाजी मेडिकल स्टोर्स, और समस्त व्यापार मंडल के पदाधिकारी गढ़ और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# रेडियो मेरठ 89.6 एफएम और स्मार्ट एनजीओ द्वारा टीबी जागरूकता कार्यक्रम हुआ



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मेरठ। रेडियो मेरठ 89.6 एफएम और स्मार्ट एनजीओ द्वारा संयुक्त रूप से संचालित सेहत सही लाभ कईकार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को एमआईईटी पब्लिक स्कूल, मवाना रोड, मेरठ में टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूक करना और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में रेडियो जॉकी तन्वी और ताहिर ने बच्चों को सरल और प्रभावशाली ढंग से टीबी के लक्षणों, कारणों, बचाव के उपायों और इलाज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीबी का इलाज पूरी तरह संभव है और सरकार द्वारा इसके लिए निशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। बच्चों को यह भी बताया गया कि समय रहते लक्षणों को पहचानकर सही इलाज करवाना अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर एमआईईटी पब्लिक स्कूल की कोऑर्डिनेटर मिस सोनिका, मिस्टर विजित चौधरी सहित स्कूल के अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की और बच्चों में इस प्रकार की जागरूकता को समय की आवश्यकता बताया।

कार्यक्रम ने न केवल बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना जागृत की, बल्कि उन्हें समाज में टीबी के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने का संदेश भी दिया। यह पहल निश्चित रूप से जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम सिद्ध होगी।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा भू माफियाओं के कब्जे से मूल किसानों की जमीन को खाली कराया गया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी ने कड़ी कार्यवाही कर 250 किसानों की लगभग 350 ऐक-ड जमीन लगभग 1800 बीघा जमीन को भू माफि याओं के कब्जे से छुड़वाया। इस कार्यवाही से करीब ढाई सों किसानों को बड़ी राहत मिली है। पिछले 35 सालों से कानूनी लड़ाई के बाद आदेश किसानों के पक्ष में आया। ग्रेटर नोएडा प्रशासन ने भूमाफियाओं पर कार्यवाही करते हुए बुलडोजर से अवैध कब्जे को ध्वस्त कर दिया। जिसका समस्त किसानों ने स्वागत करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की ऑथोरिटी के अधिकारियों का आभार माना। मामला ग्रेटर नोएडा के ग्राम नामोली एवं गुर्जर पुर में ग्राम कोतवालपूर जिला गाज़ियाबाद के लगभग 250 किसानों के पूर्वजों ने यह जमीन 1945 में चाँदी के सिक्के जो कि उस वक़्त में एक हजार रुपये चेहरे उदार देखकर रजिस्ट्री की थी। और तब ही मोटिशन भी कराया था। यह रजिस्ट्री उस वक़्त विक्रय पत्र संख्या 1 जिलद संख्या 546 के सफे 70,व 71 में



227 वह 228 नंबर पर दर्ज है दिनांक 3/3/1945 को उप निबंधक कार्यालय तहसील सिकंदराबाद जिला बुलंदशहर में पंजीकरण रजिस्ट्री है यह रजिस्ट्री जोधा सिंह,मुंशी,लाल सिंह, मंगतपुत्र डाल चंद और दुली चंद, प्रेम चंद गिरवर, नवल पुत्र मेहरचंद और होराम पुत्र हरसहाय ने खरीदी यह सभी के साथ मिल्कियत के मालिक और काबिल थे बाद में रेवन्यू रिकॉर्ड में गड़बड़ी करके फजी तरीके से कुछ लोगों ने अपने नाम चढ़ाकर धीरे धीरे गलत तरीके से बेचना शुरू कर दिया। इसी दौरान टी सीरीज कंपनी ने भी अपना नाम इसमें फर्जी दर्ज करवाया। यह मामला उच्च न्यायालय इलाहाबाद मे विचाराधीन है। सन 1972 में मर चुके लोगो से ळ सीरीज कंपनी ने 1987,1988 में रजिस्ट्री दिखा रखी है। दूसरी तरफ चकबंदी के दौरान कानूनी रूप से ना कोई रजिस्ट्री ना मुटेशन हो सकती है। किसानों के वारिसों ने 1992 मे ही मुकदमा दायर किया था। 35 सालो मुकदमा में चल रहा है हाई कोर्ट में विचाराधीन विवाद संख्या विरिट बी 40804 है, इन सबके बावजूद ळ सीरीज फजी तरीके से भूमाफियाओं के साथ मिलकर फजी रजिस्ट्री कराकर के बिकवा रही थी। यह सारा काम भू माफि याओं द्वारा इस टी सीरीज के संरक्षण में चल रहा था जब अधिकारियों को इसका संज्ञान हुआ तो ग्रेटर नोएडा के अधिकारियों ने बुलडोजर की कार्यवाही करके लगभग 100 बीघा जमीन मुक्त करवाई।मूल किसानों के परिवार में वहां मौजूद धर्मपाल, किशन, सुभाष, चंद्रपाल, धरम बिरमी सतीश आशीष कसाना शेखर धर्मेन्द्र आदि सैकड़ों किसानों ने की उपस्थिति रहीं।

# बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर जी की जयन्ती के पावन अवसर पर स्वाभिमानस्वमान समारोह कार्यक्रम आयोजित

**गाजियाबाद ।** ग्राम रईसपुर संजय नगर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर जी की जयन्ती के पावन अवसर पर स्वाभिमानस्वमान समारोह कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट गाजियाबाद की अध्यक्षता में ताहिर हुसैन प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किया गया! सर्वप्रथम सभी ग्राम वासियों और पार्टी के पदाधिकारीयो ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने कहा की पी.डी.ए समाज को एकजुट होकर बाबा साहब की देन और धरोहर संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए पी.डी.ए आंदोलन को एक नई ऊर्जा और ताकत प्रदान करनी होगी। क्योंकि संविधान ही संजीवनी है, संविधान ही हमारी ढाल है। जब तक संविधान सुरक्षित रहेगा तब तक हम सब का मान- सम्मान और स्वाभिमान सुरक्षित रहेगा। स्वमान के तहत हम सभी को अपने



सौहार्दपूर्ण, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक मुल्यों के साथ अपनी स्वयं एकता के मूल्य को समझ कर इस पी .डी.ए समाज की एकजुटता शक्ति का मान बढ़ाना है।बाबा साहेब की जयंती समारोह मनाने के साथ-साथ सभी ग्राम वासियों एवं पार्टी के पदाधिकारीयों, कार्यकर्ता साथियों ने यह संकल्प लिया कि आने वाले 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में श्री अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाकर पी.डी. ए के साथ मिलकर सर्व समाज पिछड़ों, दलित ,शोषितों, वंचितो के हितों की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी आगे बढ़ेगी।इस अवसर पर प्रमुख रूप से वीरेंद्र यादव महानगर अध्यक्ष, ताहिर हुसैन प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, विशाल वर्मा जाटव पूर्व प्रत्याशी गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र ,राजन कश्यप महासचिव ,मनोज पंडित महानगर उपाध्यक्ष, गुलाब यादव महानगर उपाध्यक्ष ,राजवीर गौतम जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, सौदान गुर्जर जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह जाटव विजय जाटव, ओम प्रकाश जाटव ,संजीव जाटव, वीरेंद्र जाटव, चंद्रपाल सिंह जाटव ,नवीन पंडित महानगर सचिव, राजपाल जाटव, उमाशंकर जाटव ,सचिन जाटव, चंद्रेश जाटव गौतम जाटव संजय जाटव विक्रम भारती ,सी.पी.सिंह, रामपाल प्रधान, सुरेंद्र आदि सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com

नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।